Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवन्बद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 91 | रविवार, 05 अप्रैल-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## पीएम मोदी ने केरलम में भरी सियासी हुंकार, कहा- कांग्रेस और लेफ्ट से सावधान रहने की जरूरत

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**केरलम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज केरलम में भाजपा की चुनावी रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा, 'हमारे केरलमम को ईश्वर ने अपार संसाधन और संभावनाएं दी हैं। यहां समंदर में ब्लू इकोनॉमी के असीम अवसर हैं। यहां उद्योगों के लिए संभावनाएं हैं। पर्यटन के क्षेत्र में भी अपार संभावनाएं हैं, लेकिन केरलम बाकी राज्यों से लगातार पीछे होता जा रहा है।'

पीएम मोदी ने आगे कहा कि राज्य में इस बार माहौल बदल चुका है और जनता बदलाव चाहती है। उन्होंने कहा कि 9 अप्रैल को मतदान के बाद 4 मई को एनडीए सरकार बनने जा रही है। उन्होंने महिलाओं के समर्थन को अपनी ताकत बताते हुए कहा कि राज्यभर में एनडीए के पक्ष में माहौल दिख रहा है।

उन्होंने उम्मीदवार अनुप को समर्पित और मेहनती बताते हुए जनता से समर्थन की अपील की। रैली के दौरान उन्होंने सबरीमाला और भगवान अयप्पा का भी उल्लेख किया गया और इसे सांस्कृतिक जुड़ाव से जोड़ा। इसके साथ ही पीएम मोदी ने यह भी बोले कि केरलम के लोगों को कांग्रेस और लेफ्ट से सावधान रहने की जरूरत है।



### चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार के लिए वोट की अपील

केरलम में रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि इस चुनाव में केरलम को फायदा होगा, भले ही उन्हें खुद व्यक्तिगत रूप से कुछ नुकसान उठाना पड़े।

उन्होंने कहा कि एनडीए उम्मीदवार अनूप पिछले पांच वर्षों से उनके साथ पूरी मेहनत और समर्पण के साथ काम कर रहे हैं। वह शांत, ईमानदार और दिन-रात काम करने वाले कार्यकर्ता हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा कि केरलम को ऐसे युवा नेता की जरूरत है और आज वह अनूप को जनता के हवाले कर रहे हैं ताकि वह लोगों की सेवा कर सकें।

### मेरा बूथ सबसे मजबूत- पीएम मोदी

प्रधानमंत्री ने बताया कि उन्होंने हाल ही में मेरा बूथ सबसे मजबूत अभियान के तहत केरलम के भाजपा कार्यकर्ताओं से बातचीत की थी। इस दौरान 5000 शक्ति केंद्रों से 1.25 लाख से ज्यादा कार्यकर्ता जुड़े। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं का एक ही संदेश था कि केरलम की जनता अब एलडीएफ सरकार को हटाने का मन बना चुकी है।

### बुनियादी सुविधाओं पर क्या बोले पीएम मोदी?

कहा कि रैली में आने के दौरान पूरे रास्ते लोगों की भारी भीड़ देखने को मिली। वाम दल जहां मानव श्रृंखला की बात करते हैं, वहीं केरलम की जनता ने एनडीए के समर्थन में मानव दीवार खड़ी कर दी है।

प्रधानमंत्री ने एलडीएफ और यूडीएफ सरकारों पर निशाना साधते हुए कहा कि इन सरकारों ने इस क्षेत्र की लंबे समय तक अनदेखी की है।

उन्होंने कहा कि यहां की सड़कें खराब हालत में हैं, वर्षों से नए पुल नहीं बने हैं और मेडिकल कॉलेज की स्थिति भी चिंताजनक है। बुनियादी सुविधाओं की कमी के कारण लोगों की जीवन गुणवत्ता पर बुरा असर पड़ा है।

उन्होंने कहा कि जब एलडीएफ और यूडीएफ केंद्र में सत्ता में थे, तब केरलम को कम फंड मिलता था। लेकिन मोदी सरकार में राज्य को पांच गुना ज्यादा फंड दिया गया है। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर के राज्यों में, जहां बड़ी संख्या में ईसाई समुदाय रहता है, वहां एनडीए की सरकारें बनी हैं और विकास कार्य हुए हैं। गोवा का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि वहां भी सरकार लगातार काम कर रही है। प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि केरलम में एनडीए सरकार बनेगी, जिससे लोगों के जीवन स्तर में सुधार होगा और मछुआरों समेत स्थानीय समुदायों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## 'लेफ्ट में कुछ भी लेफ्ट नहीं बचा', राहुल गांधी का एलडीएफ पर हमला: भाजपा-आरएसएस से सांठगांठ का दावा

केरलम विधानसभा चुनाव 2026 से पहले सियासी बयानबाजी तेज हो गई है। राहुल गांधी ने अलाप्पुझा में एक जनसभा को संबोधित करते हुए सत्तारूढ़ लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट (LDF) पर तीखा हमला बोला।

### लेफ्ट फ्रंट के भीतर दो तरह के नेता होने का आरोप

राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि केरलम में अब बीजेपी, आरएसएस और लेफ्ट फ्रंट के बीच संबंध बन चुके हैं। उन्होंने कहा कि लेफ्ट फ्रंट के भीतर दो तरह के नेता हैं, एक वे जो किसी भी कीमत पर सत्ता में आना



चाहते हैं और इसके लिए किसी से भी समझौता कर सकते हैं, और दूसरे वे जो विचारधारा में विश्वास रखते हैं लेकिन खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।

### नेता सत्ता के लिए अपने विचारधारा से कर रहे समझौता

कांग्रेस नेता ने कहा कि कई कार्यकर्ता, जिन्होंने वर्षों तक विचारधारा के लिए काम किया, आज खुद को आहत और निराश महसूस कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ नेता सत्ता के लिए विचारधारा से समझौता कर रहे हैं। राहुल गांधी ने यह भी आरोप लगाया कि केरलम के मुख्यमंत्री के संबंध उन ताकतों से हैं, जो देश के अन्य हिस्सों में अल्पसंख्यकों पर हमले कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार में अब लेफ्ट जैसी कोई बात नहीं बची है।

## महाराष्ट्र के नांदेड़ में गैंगवार, दो गुटों में धारदार हथियार से हमला: तीन लोगों की मौत



वेलकम इंडिया नेटवर्क

**महाराष्ट्र।** महाराष्ट्र के नांदेड़ शहर में दो विरोधी गैंगों के बीच झड़प होने से तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, इन विरोधी गैंगों के बीच लंबे समय से विवाद चला रहा था।

इस बीच शुक्रवार की रात को, एक गैंग के कुछ लोग फिल्म देखकर लौट रहे थे, तभी दूसरे विरोधी गैंग के सदस्यों ने, जो कथित तौर पर उनकी हरकतों पर नजर रखे हुए थे।

उन्हें रोका और उनपर हमला कर दिया। यह घटना शहर के एक मॉल के पास रात के करीब 1.30 बजे हुई।

घटना के बाद पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में लिया है। जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस अधीक्षक अविनाश कुमार ने बताया कि 'सदा गैंग' और 'साई लाला गैंग' के सदस्यों ने एक-दूसरे पर धारदार हथियारों से हमला किया था। इसमें दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि तीसरा व्यक्ति घायल हो गया था।

नांदेड़ पुलिस ने मीडिया को आगे बताया कि शनिवार को तीसरे घायल व्यक्ति पर सरकारी अस्पताल में हमला किया गया।

इसके कारण अस्पताल में उसकी भी मौत हो गई। मृतकों की पहचान अरजीत सिंह, सैयद आवेज और मोहम्मद अरबाज के रूप में की गई है।

फिलहाल स्थानीय क्राइम ब्रांच की टीमें, फोरेंसिक विशेषज्ञ और डॉग स्क्वॉड मौके पर पहुंच गए हैं, और आगे की जांच जारी है। एसपी ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से क्रॉस एफआईआर दर्ज कराने की प्रक्रिया चल रही है।

## केरलम में चुनाव प्रचार के दौरान शशि थरूर के काफिले पर हमला, पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**केरलम।** केरलम के मलप्पुरम जिले में शुक्रवार रात कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और सांसद शशि थरूर के काफिले पर अज्ञात हमलावरों ने हमला कर दिया। यह घटना तब हुई जब थरूर आगामी चुनावों के लिए पार्टी उम्मीदवार एपी अनिल कुमार के समर्थन में वंडूर क्षेत्र में प्रचार करने पहुंचे थे। बताया गया कि बाइक पर सवार कुछ लोगों के एक समूह ने गाड़ी रोकी, बंदूकधारी (गनमैन) के साथ गाली-गलौज की और बाद में उसके साथ मारपीट भी की। इस संबंध में शिकायत खुद बंदूकधारी ने ही दर्ज कराई है।

आरोप है कि लोगों के एक समूह ने शशि थरूर के काफिले का पीछा किया और उनकी कार पर हमला कर दिया। लोगों का यह समूह गाली-गलौज भी कर रहा था और थरूर पर हमला करने की कोशिश कर रहा था, तभी बंदूकधारी ने बीच-बचाव किया।

पुलिस ने बताया कि मलप्पुरम के वंडूर में कांग्रेस सांसद शशि थरूर की कार रोकने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया है। गिरफ्तार युवक की पहचान उमर के रूप में हुई है, जो कालिकावु का रहने वाला है। दो अन्य



लोगों को भी हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने उन दो कारों को भी जब्त कर लिया है, जिनमें थरूर का काफिला रोकने वाला समूह सफर कर रहा था। पांच लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

यह घटना वंडूर के चेल्लीथोड में शाम करीब 7 बजे हुई। थरूर, एपी अनिल कुमार के लिए चुनाव प्रचार करने वंडूर आए थे। बंदूकधारी ने वंडूर पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि एक कार में सवार कुछ लोगों के समूह ने उनकी गाड़ी रोकी और उनके साथ गाली-गलौज की।

इसके बाद उस समूह ने थरूर की कार का पीछा किया और उसे रोक दिया। जब थरूर के साथ गाली-गलौज और मारपीट की गई, तो बंदूकधारी ने बीच-बचाव किया, जिसके बाद उसके साथ भी मारपीट की गई। अभी तक यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि इस हमले के पीछे कोई स्पष्ट राजनीतिक रंजिश या कोई साजिश है या नहीं। पुलिस को संदेह है कि हमलावर जान-बूझकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रहे थे। संदिग्धों से फिलहाल पूछताछ की जा रही है। पुलिस को संदेह है कि हमलावर जान-बूझकर माहौल खराब करने के इरादे से आए थे; अधिकारियों ने बताया कि इस उकसावे के पीछे का असली मकसद सभी आरोपियों से विस्तृत पूछताछ के बाद ही साफ हो पाएगा।

## हिमंता का ओवैसी पर तीखा हमला, मिया समुदाय को बना रहे हैं हथियार

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**असम।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने 4 अप्रैल को असदुद्दीन ओवैसी पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि एआईयूडीएफ के समर्थन में असम दौरे के दौरान उनके चुनावी भाषणों का मकसद राजनीतिक लाभ के लिए मिया समुदाय का इस्तेमाल करना है। उन्होंने कांग्रेस पर ऐसे बयानों पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। सरमा ने दावा किया कि कांग्रेस ने चुनावी समीकरणों को प्रभावित करने और मतदाताओं को धार्मिक आधार पर ध्रुवीकृत करने के लिए ओवैसी को असम में भेजा है। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि ओवैसी के भाषणों से आबादी के कुछ खास वर्गों को लामबंद करने की कोशिशें झलकती हैं।

कांग्रेस को निशाना बनाते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पार्टी ऐसे बयानों की आलोचना करने में विफल रही है और यूनुस तमूली और यूनुस अली जैसे लोगों से जुड़े विवादास्पद बयानों और घटनाओं पर चुप रही है। अपने चुनावी विश्वास को दोहराते हुए सरमा ने कहा कि भाजपा 90-100 सीटें जीतने की स्थिति में है और संभवतः



100 का आंकड़ा भी पार कर जाएगी। उन्होंने कहा, 'हमें पहले 96 सीटें मिली थीं, इस बार हम चार और सीटें जीतेंगे।'

खोवांग निर्वाचन क्षेत्र का जिक्र करते हुए उन्होंने विश्वास जताया कि भाजपा उम्मीदवार चक्रधर गोगोई को भारी जीत मिलेगी, और हाल ही में उनके दौरे के दौरान मिले मजबूत जनसमर्थन का हवाला दिया। सरमा ने कांग्रेस सांसद गौरव गोगोई की आलोचना करते हुए आरोप लगाया कि वे पिछले दो वर्षों से जोरहाट के लिए सक्रिय रूप से काम नहीं कर रहे हैं। सोनारी में भाजपा नेता की हत्या के मामले पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस घटना को चुनाव से जोड़ना अभी जल्दबाजी होगी, और उचित जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा के शासन का रिकॉर्ड और जमीनी स्तर पर पहुंच ने चुनाव से पहले उसकी स्थिति को मजबूत किया है।

## होर्मुज संकट के बीच भारत की बड़ी जीत! 46,000 मीट्रिक टन एलपीजी लेकर 'ग्रीन सांववी' सुरक्षित रवाना

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**नई दिल्ली।** मध्य-पूर्व (पश्चिम एशिया) में जारी भीषण युद्ध और तनाव के बीच भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक राहत भरी खबर सामने आई है। भारत का सातवां विशाल LPG टैंकर, 'ग्रीन सांववी' (Green Sanvwi), सफलतापूर्वक रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) को पार कर चुका है। 46,000 मीट्रिक टन से अधिक लिक्विफाइड पेट्रोलियम गैस लेकर यह जहाज 6 अप्रैल तक मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। शिपिंग महानिदेशालय ने पुष्टि की है कि टैंकर पूरी तरह सुरक्षित है और अपनी तय समय-सीमा के अनुसार आगे बढ़ रहा है।

यह पिछले हफ़्ते दूसरे टैंकरों द्वारा सफल डिलीवरी के बाद हुआ है, जिनमें कांडला में 'जग वसंत' और न्यू मैंगलोर में 'पाइन गैस' शामिल हैं; इससे पता चलता है कि खाड़ी क्षेत्र में तनाव के बावजूद भारत की LPG आपूर्ति जारी है।

### मंजूरी का इंतजार कर रहे दूसरे जहाज



दो और LPG कैरियर, 'ग्रीन आशा' और 'जग विक्रम', फि लहाल जलडमरूमध्य से गुजरने के लिए भारतीय नौसेना से अनुमति का इंतजार कर रहे हैं।

अधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए काम कर रहे हैं कि इस क्षेत्र में फँसे सभी भारतीय जहाज सुरक्षित रूप से आगे बढ़ सकें। इस बीच, टैंकर 'BW TYR' पहले ही मुंबई पहुँच चुका है और अपना माल उतार रहा है, जबकि 'BW ELM' का रास्ता बदलकर एन्नोर बंदरगाह की ओर कर दिया गया है और उसके 4 अप्रैल को पहुँचने की उम्मीद है। भारत के फि लहाल खाड़ी क्षेत्र में कई जहाज हैं, जिन पर लगभग 20,500 भारतीय नाविक ड्यूटी पर हैं। इनमें से 500 से ज्यादा भारतीय झंडे वाले जहाजों पर हैं, और क्षेत्रीय जोखिमों के बीच 1,100 से ज्यादा चालक दल के सदस्यों को पहले ही सुरक्षित रूप से निकाल लिया गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य भारत की ईंधन आपूर्ति के लिए एक बहुत अहम रास्ता है। भारत के LPG आयात का लगभग 90% हिस्सा इसी जलमार्ग से गुजरता है, साथ ही कच्चे तेल का भी एक बड़ा हिस्सा यहीं से आता है। 'ग्रीन सांववी' जैसे जहाज जोखिमों से बचने के लिए स्थानीय अधिकारियों के मार्गदर्शन में ईरानी द्वीपों के पास से एक सुरक्षित रास्ता अपना रहे हैं। ईरान ने साफ कर दिया है कि उसके जलक्षेत्र उन जहाजों के लिए खुले हैं जो किसी भी तरह की दुश्मनी में शामिल नहीं हैं। भारतीय जहाजों को तब तक सुरक्षित रास्ता दिया जाता है, जब तक वे सुरक्षा नियमों का पालन करते हैं और ईरानी अधिकारियों के साथ तालमेल बनाकर चलते हैं।

## क्या भाजपा ने काटा था टिकट?, अटकलों पर अन्नामलाई बोले- चुनाव न लड़ने का फैसला मेरा था

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**तमिलनाडु।** आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए भाजपा प्रत्याशियों की सूची से पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई के बाहर रहने को लेकर कई तरह की अटकलें लगाई जा रही हैं। इस बीच अन्नामलाई ने शनिवार को खुद ही इन अटकलों पर विराम लगा दिया। अन्नामलाई ने कहा कि उन्होंने खुद ही चुनाव न लड़ने का फैसला किया था, उनका टिकट काटा नहीं गया। चेन्नई हवाई अड्डे पर पत्रकारों से बात करते हुए अन्नामलाई ने भाजपा नेतृत्व का आभार जताया कि उन्होंने उनके फैसले का सम्मान किया। उन्होंने बताया कि



उन्होंने पहले ही पार्टी आलाकमान को लिखित रूप में सूचित कर दिया था कि वे किसी भी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ेंगे, बल्कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के लिए प्रचार अभियान में जुटेंगे। अन्नामलाई ने कहा, 'मैंने पहले ही कोर कमेटी को लिखित रूप में सूचित कर दिया था कि मैं किसी भी निर्वाचन क्षेत्र से चुनाव नहीं लड़ूंगा। यह कहना गलत है कि मुझे टिकट नहीं मिला; सच्चाई यह है कि मैंने चुनाव न लड़ने का फैसला किया।' उन्होंने आगे कहा, "यह मीडिया में चर्चा का विषय बन गया है, इसलिए मैं स्पष्ट कर रहा हूं। जब मैंने चुनाव लड़ने में कोई रुचि नहीं दिखाई, तो नेतृत्व मुझे टिकट कैसे दे सकता था? अगर मैंने चुनाव लड़ने का फैसला किया होता, तो यह मायने नहीं रखता कि मैं किसी भी सीट से चुनाव लड़ सकता था।"

भाजपा नेता ने कहा, 'मैं भाजपा नेतृत्व का आभारी हूं कि उन्होंने मेरे फैसले का सम्मान किया और मुझे एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों के समर्थन में प्रचार करने का अवसर दिया।' यह स्पष्टीकरण ऐसे समय में आया है जब इस बात की अटकलें लगाई जा रही थीं कि अन्नामलाई को एआईएडीएमके के साथ भाजपा के गठबंधन के कारण आगामी तमिलनाडु विधानसभा चुनावों में टिकट नहीं मिला। अन्नामलाई द्वारा सी.एन. अन्नादुरई पर की गई टिप्पणियों के बाद तमिलनाडु में भाजपा और एआईएडीएमके के बीच गठबंधन को लेकर कई बार मतभेद सामने आए थे। गठबंधन के अनुसार, एआईडीएमके 234 सीटों में से 169 पर चुनाव लड़ेगी, जबकि भाजपा 27 सीटों पर, पट्टली मक्कल कच्ची (पीएमके) 18 पर, अम्मा मक्कल मुनेत्र कड़गम (एएमएमके) 11 पर, तमिल मानिला कांग्रेस पांच पर, इंडिया जननायगा कच्ची (आईजेके) एक पर और पुरच्ची भरथम एक सीट पर चुनाव लड़ेगी।

## मेरठ में कोहराम: जहरीली शराब ने ली तीन की जान, परिजनों का अस्पताल में भारी हंगामा

वेलकम इंडिया नेटवर्क

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश के मेरठ जिले के दौराला थाना क्षेत्र में 'कातिल' शराब का कहर बरपा है। स्थानीय स्तर पर बनी संदिग्ध जहरीली शराब पीने से एक ही गांव के तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना के बाद पूरे इलाके में मातम और दहशत का माहौल है। मृतकों के परिजनों ने शराब माफियाओं के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए अस्पताल में जमकर विरोध प्रदर्शन किया। डॉक्टरों की तमाम कोशिशों के बावजूद, अंकित और जितेंद्र की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई, जबकि बाबूराम ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। मेरठ के SSP अविनाश पांडे ने दौराला पुलिस थाना प्रभारी को शराब के स्रोत की जांच



करने और उसे बेचने वाले की पहचान करने के निर्देश दिए। अधिकारी यह पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं कि पीड़ितों ने शराब कहां से खरीदी थी और क्या कोई अन्य व्यक्ति भी इससे प्रभावित हुआ है। पुलिस और आबकारी विभाग की शुरूआती जांच में पता चला है कि शुक्रवार को टेट्रा-पैक शराब के कई कार्टन बेचे गए थे, लेकिन कहीं और से जहरीली शराब के सेवन का कोई अन्य मामला सामने नहीं आया है। जांच के दौरान, घटनास्थल से शराब के चार छोटे कंटेनर बरामद किए गए, जिनमें से तीन 'दिलकश' ब्रांड के और एक पर 'बंटी जीरा मसाला' लिखा हुआ था।

## संपादक की कलम से

# रातों-रात नौकरी छीन लेने वाला 'ले-आफ' नाम का वायरस अमेरिका की उपज है



ललित शर्मा
संपादक

एक तरफ होर्मुज में तनाव भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित कर रहा है, तो दूसरी ओर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लोगों की अच्छीखासी नौकरियां छीन रहा है। जब भारी मुनाफा कमाने वाली कंपनियां अपने हजारों कर्मचारियों को अचानक निकाल देती हैं, तो आश्चर्य होता है। ये कंपनियां सेमीकंडक्टर, एआई और डेटा सेंटर जैसे नए प्रोजेक्ट्स में भारी निवेश करती हैं और खर्च कम करने के लिए कर्मचारियों की छंटनी शुरू कर देती हैं। ले-आफ का ट्रेंड दुनियाभर के प्रोफेशनल्स को डरा रहा है। भारत की बड़ी और प्रतिष्ठित कंपनियों में अभी तक यह प्रवृत्ति व्यापक रूप से नहीं आई है, यह राहत की बात है। आईटी क्षेत्र में काम करने वाले लोगों को सामान्यतः अन्य क्षेत्रों की तुलना में अधिक वेतन और सुविधाएं मिलती हैं। विदेशों में काम करने वाले लोग खुद को भाग्यशाली मानते हैं, लेकिन 30 मार्च को ओर्सल ने 30,000 लोगों की नौकरी छीनकर हलचल मचा दी, जिनमें से 12,000 भारत के थे। अचानक नौकरी चली जाने पर व्यक्ति स्तब्ध हो जाता है। यदि कार्यक्षमता की कमी या किसी अन्य कारण से नौकरी जाती है तो उसे कुछ हद तक सहन किया जा सकता है, लेकिन सुबह ईमेल से यह सूचना मिलना कि आपको हटा दिया गया है, बहुत बड़ा झटका होता है। यदि एक महीने का नोटिस दिया जाए, तो लोग नई नौकरी की तलाश कर सकते हैं। अच्छी सैलरी मिलने पर युवा नया फ्लैट, नई कार और अन्य सुविधाएं ईएमआई पर ले लेते हैं। उनके मासिक खर्च उसी अनुसार तय हो जाते हैं। भारत में भी अब पति-पत्नी दोनों काम करके आर्थिक योजना बनाते हैं। मानलीजिए किसी व्यक्ति का वेतन 80,000 रुपए है, तो उसका पूरा बजट और जीवनशैली उसी अनुसार होती है। अचानक वेतन बंद हो जाए तो उसकी स्थिति बहुत खराब हो जाती है। बेंगलुरु में आईटी क्षेत्र में काम करने वाले एक युवा दंपति ने कथित रूप से ले-आफ के कारण अवसाद में आकर आत्महत्या कर ली। 2019 के बाद पहली बार अमेरिकी कंपनियों ने बड़े स्तर पर छंटनी की थी। जनवरी 2026 से अब तक 1,08,435 लोगों की नौकरियां जा चुकी हैं। विदेशी, विशेषकर अमेरिकी कंपनियां, कर्मचारियों को 'एट-विल' सिस्टम के तहत रखती हैं, जिसमें कंपनी किसी भी समय कर्मचारी को निकाल सकती है और कर्मचारी भी कभी भी नौकरी छोड़ सकता है। इसे 'सेवेरेंस एग्रीमेंट' भी कहा जाता है। इस पर हस्ताक्षर करने के बाद अचानक निकाले जाने के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करना मुश्किल हो जाता है। कर्मचारियों को एक साथ निकालने की यह प्रवृत्ति अमेरिका से शुरू हुई है। भारत की कंपनियां आमतौर पर कर्मचारियों को अचानक निकालने से पहले उनके भविष्य के बारे में कुछ न कुछ सोचती हैं। कई भारतीय कंपनियां अपने कर्मचारियों को परिवार की तरह मानती हैं। एन आर नारायण मूर्ति ने एक बार कहा था कि हमारी सफलता का कारण हमारे कर्मचारी हैं। हालांकि इन्फोसिस ने भी कई बार अचानक कर्मचारियों को निकाला है। जब बड़ी कंपनियां लागत घटाने का निर्णय लेती हैं, तो सबसे पहले कर्मचारियों की संख्या कम की जाती है। टाटा कंसल्टेंसी सर्विस में 5,93,914 कर्मचारी हैं, इन्फोसिस में 3,17,240, एसेंटर में 3,00,000, रिलायंस रिटेल में 2,45,581, रिलायंस इंडस्ट्रीज में 3,47,362 और अडानी ग्रुप में लगभग 45,000 कर्मचारी हैं। भारत की कंपनियों के कर्मचारियों की संख्या इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि उन्होंने अभी तक ओर्सल या अमेजन की तरह बड़े पैमाने पर छंटनी नहीं की है।

## मौत से पड़ गया पाला

उदय किशोर साह

कविता



जिन्दगी की तलाश में निकला   था घर से
पर अन्त में पड़ गया हमें मौत से ही पाला
खुशियों की अरमान दिल में सेजोंये   था
पर मौत ने बना लिया हमें अपनी   निवाला

हँसने खेलने की चाहत आँगन में था बुलाया
पर दरवाजे पे गम ने डाल दी थी बड़ी ताला
लुट ली जीवन की दौलत अंगूर   की परियां
कटु मुस्कान दिखा शाकी की वो। मधुशाला

जीवन भर शुकुन पाने की थी ललक हमारी
पर मृगतृष्णा बनकर   रेगिस्तान में छुप आई
अमृत की खोज में बीत गई उमर अब   सारी
किस्मत ने थमा दी हमें गम की एकाकी   डारी

पहचान ना पा सका इन्सन की वो।   फितरत
हर नुक्कड़ पे ढोंगी का पाया मैं   हमसाया
सौचा था जग में सब कोई अपना है   भाई
पर कोई भी वकत पे काम कब था।   आया

दु:ख दर्द से भरी है ये जीवन की   दरिया
नरक सी हो गई जीवन की   रंगीन आशियाना
मोह माया की छद्म रूप लगाये बैठा है   वो
बनावटी रिश्ते का नर   बन गया आज दिवाना

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# अफगानिस्तान से लेकर भारत तक भूकंप के झटके!



डॉ श्रीगोपाल नारसन
लेखक

भारत मे दिल्ली-एनसीआर सहित समूचे उत्तर भारत में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए। भूकंप के झटके के आने पर लोग घरों से बाहर निकल गए। ये झटके दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा राजस्थानऔर पंजाब सहित कई प्रदेशों में महसूस किए गए हैं। इस भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान में बताया जा रहा है। दिल्ली-एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होने से लोग दहशत में आ गए।

गनीमत रही कि भूकंप से कहीं जान-माल का नुकसान नहीं हुआ है। भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान बॉर्डर क्षेत्र में बताया जा रहा है। भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.9 मापी गई है। भूकंप के झटके जम्मू-कश्मीर के उधमपुर, पुंछ और कश्मीर घाटी के कई इलाकों में महसूस किए गए हैं।

भूकंप का केंद्र अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में जमीन के अंदर 175 किलोमीटर नीचे था। भूकंप का केंद्र जमीन के काफी अंदर होने की वजह से इसका असर कम हुआ है। अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान सहित उत्तर भारत में भूंकप आने से पहले तिब्बत में धरती हिली थी। तिब्बत में बीती रात करीब 8.12 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। तिब्बत में आए भूकंप की तीव्रता 3.2 मापी गई थी।

पिछले साल म्यांमार और थाईलैंड में दोपहर के समय आए भयंकर भूकंप को रिक्टर पैमान पर 7.9 की तीव्रता का नापा गया था। इतने तेज भूकंप के कारण दोनों ही देशों में भारी तबाही हुई थी। इन देशों की विशाल इमारतें और पुल ढह गए और भारी जान माल का नुकसान हुआ था। थाईलैंड के प्रधानमंत्री शिनवात्रा ने बैंकाक के अंदर आपातकाल की घोषणा की थी। इस भूकंप का केंद्र म्यांमार बताया गया था। जिसका भारी प्रभाव थाईलैंड तक पड़ा था। बैंकॉक में 7.9 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से इमारतें हिलने लगीं थी। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण और जर्मनी के जीएफजेड भूविज्ञान केंद्र ने बताया कि दोपहर को यह भूकंप 10 किलोमीटर की गहराई पर आया था, जिसका केंद्र म्यांमार में था। ग्रेटर बैंकॉक क्षेत्र की आबादी 170 लाख से अधिक है, जिनमें से कई लोग ऊंची इमारतों वाले अपार्टमेंट में रहते हैं।

दोपहर करीब डेढ़ बजे भूकंप आने पर इमारतों में अलार्म बजने लगे और घनी आबादी वाले मध्य बैंकॉक की ऊंची इमारतों एवं होटल से लोगों को बाहर निकाला गया। भूकंप इतना शक्तिशाली था कि कुछ ऊंची इमारतों के अंदरूनी हिस्सों में 'स्वीमिंग पूल' में पानी में लहरें उठती दिखीं। भूकंप का केंद्र मध्य म्यांमार में था, जो मोनीवा शहर से लगभग 50 किलोमीटर पूर्व में है।

थाईलैंड की राजधानी बैंकॉक में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए जहां सैंकड़ो लोग इमारतों से बाहर निकल आए। हालांकि जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज ने बताया कि म्यांमार में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया। भूकंप का केंद्र मंडाले शहर के पास 10 किमी की गहराई पर था। म्यांमार दुनिया के सबसे भूकंपीय रूप से सक्रिय क्षेत्रों में से एक माना जाता है।

भारत के पूर्वोत्तर राज्यों मणिपुर, अरुणाचल प्रदेश, असम और नागालैंड राज्यों में आज आए भूकंप से लोग अपने-अपने घरों से बाहर निकल आए। वही दिल्ली व उसके आसपास के क्षेत्र में विगत वर्ष 17 फरवरी की सुबह भूकंप के जोरदार झटके महसूस किए गए थे, जिसमे कई सेकंड तक धरती डोलती रही थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के मुताबिक रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.0 मापी गई थी, इसका केंद्र दिल्ली के पास ही धरती से 5 किलोमीटर की गहराई में था।

इसीलिए तेज झटके महसूस हुए। कुछ सेकंड तक चलने वाले भूकंप के झटके इतने तेज थे कि इमारतों के अंदर जोरदार कंपन महसूस हुआ। भूकंप सुबह 5 बजकर 36 मिनट पर आया था, जिससे लोगों की नींद उड़ गई थी। भूकंप के झटके दिल्ली-एनसीआर भूकंपीय क्षेत्र 4 में आते है, जिससे यहां मध्यम से तीव्र भूकंप आने का खतरा रहता है। समय-समय पर दिल्ली एनसीआर में भूकंप के झटके महसूस होते रहते हैं, लेकिन इस तीव्रता के झटके बहुत समय बाद महसूस किए गए हैं। उत्तराखंड समेत नेपाल और भारत के अन्य क्षेत्रों में धरती बार बार डोलने लगती है। भूकंप के तेज झटकों से लोग दहशत में आ जाते है।

सन 2022 में आए भूकंप के झटके इतने तेज थे कि गहरी नींद में सोए लोग हड़बड़ाहट में उठे और घरों से बाहर की ओर भागे थे। उस समय उत्तराखंड में भूकंप की तीव्रता रिक्टर स्केल पर 6.5 मापी गई थी। दिल्ली के साथ ही नोएडा और गुरुग्राम में भी कई सेकेंड तक भीषण झटके महसूस किए गए। इसके कारण लोग उठ गए और कई लोग अपनी सोसायटी में बाहर निकल आए।

ऐसा लगा कि बेड को कोई बहुत तेज धक्का मार रहा है। इस दौरान घर के फैन और झूमर भी भूकंप के असर के कारण तेजी से हिलने लगे। भूकंप पृथ्वी की सतह के हिलने को कहते हैं। यह पृथ्वी के स्थलमण्डल में ऊर्जा के अचानक मुक्त हो जाने के कारण उत्पन्न होने वाली भूकम्पीय तरंगों की वजह से होता है। भूकम्प बहुत हिंसात्मक हो सकते हैं और कुछ ही क्षणों में लोगों को गिराकर चोट पहुँचाने से लेकर पूरी आबादी को ध्वस्त कर सकने की इसमें क्षमता होती है।

भूकंप का मापन भूकम्पमापी यंत्र से किया जाता है, जिसे सीस्मोग्राफ कहते है। 3 या उस से कम रिक्टर परिमाण की तीव्रता का भूकंप अक्सर अगोचर होता है, जबकि 7 रिक्टर की तीव्रता का भूकंप बड़े क्षेत्रों में गंभीर क्षति का कारण बन जाता है। भूकंप के झटकों की तीव्रता का मापन मरकैली पैमाने पर किया जाता है। पृथ्वी की सतह पर, भूकंप अपने आप को, भूमि को हिलाकर या विस्थापित कर के प्रकट करता है। जब एक बड़ा भूकंप उपरिकेंद्र अपतटीय स्थिति में होता है, यह समुद्र के किनारे पर पर्याप्त मात्रा में विस्थापन का कारण बनता है। भूकंप के झटके कभी-कभी भूस्खलन और ज्वालामुखी को भी पैदा कर सकते हैं। भूकंप अक्सर भूगर्भीय दोषों के कारण आते हैं।

# नौकरीपेशा महिलाएं दोहरी जिम्मेदारियों के साथ जीवन की दौड़



डॉ. विजय गर्ग
लेखक

आज के आधुनिक समाज में नौकरीपेशा महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण हो गई है। वे न केवल घर का रखरखाव करती हैं, बल्कि आर्थिक रूप से मजबूत परिवार बनाने में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। लेकिन इस योगदान के साथ उन्हें दोहरी जिम्मेदारियों का बोझ भी उठाना पड़ता है। एक तरफ कार्यालय की ड्यूटी और दूसरी तरफ घर की देखभाल।

नौकरीपेशा महिला की सुबह ज्यादातर दूसरों से पहले शुरू होती है। घर के सभी काम, बच्चों की देखभाल, खाना बनाना और फिर समय पर कार्यालय पहुंचना यह सब एक दिनचर्या का हिस्सा बन जाता है। ऑफिस में भी उन्हें अपना काम पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी से करना पड़ता है। दिन भर की थकान के बाद भी वे घर आकर दोबारा घरेलू कार्यों में शामिल हो जाती हैं।

यह दोहरी जिम्मेदारी कभी-कभी महिलाओं के लिए मानसिक और शारीरिक दबाव का कारण बनती है। समय की कमी, अपने लिए समय न मिलना और सामाजिक अपेक्षाओं का बोझ उनके जीवन को चुनौतीपूर्ण बना देता है। फिर भी, वे हर कठिनाई का सामना अपनी हिम्मत और समर्पण से करते हैं।

समाज में अभी भी यह धारणा पूरी तरह से नहीं बदली है कि घरेलू काम केवल महिला की जिम्मेदारी है। यदि परिवार के अन्य सदस्य भी घरेलू कार्यों में भाग लेते हैं, तो नौकरीपेशा महिलाओं का जीवन काफी आसान हो सकता है। साथ ही, कार्यस्थल पर भी उनके लिए सुविधाएं और लचीले समय की व्यवस्था होनी चाहिए।

आज के समय में महिला सिर्फ घर की देखभाल तक ही सीमित नहीं रही। वह आसमान की ऊंचाइयों को छू रही है। चाहे वह विज्ञान, शिक्षा, बैंकिंग या राजनीति का क्षेत्र हो। लेकिन जब एक महिला घर से बाहर काम करने जाती है, तो उसकी जिम्मेदारियां कम होने के बजाय दोगुनी हो जाती हैं।

घर और कार्यालय के बीच संतुलनः एक नौकरीपेशा महिला के लिए दिन सूर्योदय से पहले शुरू होता है। रसोई का काम, बच्चों को तैयार करने और बुजुर्गों की देखभाल करने के बाद वह अपने कार्यालय के लिए रवाना होती है। कार्यालय में वह अपनी पूरी मेहनत और योग्यता के साथ काम करती है, लेकिन शाम को घर लौटने पर ही वह फिर से 'गृहिणी' की भूमिका में आ जाती है।

मानसिक और शारीरिक बोझ दोहरी भूमिका निभाते हुए महिलाएं अक्सर 'सुपरवुमन' बनने की कोशिश करती हैं। इस दौड़ में वे अपने स्वास्थ्य और आराम को पीछे छोड़ देती हैं। थकानः पूरे दिन काम करने के बाद भी रात में घर के कामों की चिंता करना मानसिक थकान का कारण बनता है। अपराध बोधः कभी-कभी काम की व्यस्तता के कारण वे बच्चों को पूरा समय नहीं दे पाते, जिससे उन्हें अंदर से दोषी महसूस होने लगता है।

सामाजिक चुनौतियां हमारा समाज अभी भी पूरी तरह से मानसिक रूप से विकसित नहीं हुआ है। आज भी यह अपेक्षा की जाती है कि चाहे महिला कितनी भी बड़ी अधिकारी क्यों न हो, घर का सारा काम उसकी जिम्मेदारी होती है। कार्यस्थल पर भी कभी-कभी महिलाओं को पूर्वाग्रह या कम समझा जाने की चुनौती का सामना करना पड़ता है।

अंत में यह कहा जा सकता है कि नौकरीपेशा महिलाएं हमारे समाज की रीढ़ हैं। वे अपने घर और काम दोनों को अच्छी तरह से संभालती हैं। उनकी कुशलता, उत्साह और समर्पण हमें सिखाता है कि किसी भी कठिनाई को इरादे के बल से जीया जा सकता है। समाज का कर्तव्य है कि वह उनका सम्मान करे और उन्हें समान अधिकार और सुविधाएं प्रदान करे।

# भूतकाल में पांच बड़े युद्धों में अमेरिका को पराजय का सामना करना पड़ा है



स्नेहा सिंह
लेखिका

ईरान के खिलाफ युद्ध में अमेरिकी राष्ट्रपति अब असहाय नजर आ रहे हैं। आक्रामक हमलों के बावजूद ईरान को काबू में न कर पाने के कारण अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प और पेंटागन परेशान हैं। उनकी सभी गणनाएं उलट गई हैं और उनके कोई उद्देश्य पूरे नहीं हुए हैं।

अमेरिका ने जितना आसान यह युद्ध समझा था, वह उससे कहीं अधिक कठिन साबित हुआ है। अब अमेरिका किसी भी कीमत पर इस युद्ध से बाहर निकलना चाहता है और इसके लिए किसी बहाने या अवसर की तलाश में है।

खास बात यह है कि इस युद्ध में ऐसा प्रतीत हो रहा है कि अमेरिका को ईरान के सामने पराजय का सामना करना पड़ रहा है। ईरान ने समर्पण नहीं किया है, जबकि अमेरिका और इजराइल के हथियार कम पड़ रहे हैं और खर्च भी बहुत बढ़ चुका है।

वास्तव में यह पहली बार नहीं है, जब अमेरिका को युद्ध के दौरान पीछे हटना पड़ा हो। इससे पहले भी कई बार, विशेषकर पांच बड़े युद्धों में अमेरिका को गंभीर झटका लगा है और उसे युद्ध अधूरा छोड़ना पड़ा है।

दुनिया मानती है कि इन सभी स्थितियों में अमेरिका को हार का सामना करना पड़ा और उसे पीछे हटना पड़ा।

इतिहासकारों के अनुसार, लगभग दो दशकों तक वियतनाम में युद्ध लड़ने के बाद अमेरिका और उसके सहयोगी थक गए थे और उन्हें पीछे हटना पड़ा। 1955 से 1975 तक यह संघर्ष चला।

अंततः अमेरिका को हटना पड़ा और वियतनाम की जीत हुई। इसके बाद पूरा देश साम्यवादी शासन के तहत एकजुट हो गया।

अमेरिका ने 20वीं सदी में प्रथम और द्वितीय विश्व युद्ध के अलावा लगभग 25 सैन्य हस्तक्षेप किए और 21वीं सदी में भी उसकी आक्रामक नीति जारी रही।

वियतनाम युद्ध 20 वर्षों तक चला, जिसमें अमेरिका ने परमाणु हथियारों को छोड़कर लगभग सभी प्रकार के हथियारों का इस्तेमाल किया। क्रूरता की सभी सीमाएं पार करने के बावजूद उसे अंत में युद्ध छोड़ना पड़ा।

इस युद्ध में अमेरिका ने 58,000 सैनिक खोए, जिनमें 11 जनरल भी शामिल थे। 1965 से 1973 के बीच लगभग 120 अरब डालर खर्च हुए, जिससे अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महंगाई बढ़ी।

इसी तरह अफगानिस्तान में भी अमेरिका को कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। 2001 से शुरू हुआ युद्ध 2021 तक चला और अंत में अमेरिकी सेना अचानक वापस लौट गई, जबकि तालिबान फिर से सत्ता में आ गए।

### इसके अलावा तीन अन्य युद्धों में भी अमेरिका को असफलता मिली:

**क्यूबा (बे आफ पिग्स, 1961):** फिदेल कास्त्रो को हटाने के प्रयास में अमेरिका विफल रहा। 72 घंटों में विद्रोह कुचल दिया गया।

**ब्रिटेन के साथ युद्ध (1812-1814):** कनाडा पर कब्जे की कोशिश नाकाम रही और ब्रिटिश सेना ने वाशिंगटन डीसी पर हमला कर व्हाइट हाउस जला दिया।

**कोरिया युद्ध (1950-1953):** अमेरिका उत्तर और दक्षिण कोरिया को एक करने में असफल रहा। चीन के हस्तक्षेप के बाद युद्धविराम हुआ और कोरिया आज भी विभाजित है।

इस युद्ध में अमेरिका ने 36,000 सैनिक खोए और लाखों लोगों की जान गई।

इस प्रकार इतिहास में कई बार अमेरिका को युद्धों में पीछे हटना पड़ा है, जिसे दुनिया उसकी हार के रूप में देखती है।

# कपास का कफन



डॉ. सुरेश कुमार मिश्रा
लेखक

गुप्ता मेडिकल स्टोर के उस सबसे ऊंचे रैक पर, जहां रोशनी भी पहुंचने से कतराती थी, वह गुलाबी पैकेट पिछले बारह सालों से एक तपस्वी की तरह जमा हुआ था। उस पर जमी धूल अब महज मिट्टी नहीं, बल्कि एक ठोस पुरातात्विक परत बन चुकी थी जिसे खुरचने के लिए कार्बन-डेटिंग की जरूरत पड़ती।

पैकेजिंग पर बनी उस मॉडल की मुस्कान अब फीकी पड़कर एक डरावनी रूहानी हंसी में तब्दील हो गई थी, मानो वह दुकान में आने वाले हर ग्राहक को अपनी बदकिस्मती पर चिढ़ा रही हो। जेन-जी की भाषा में कहें तो वह पैकेट उस दुकान का सबसे बड़ा रेड फ्लैग था, जो चिल्ला-चिल्लाकर कह रहा था कि मेरा अंत करीब है।

उसका प्लास्टिक अब इतना चिपचिपा और गल चुका था कि अगर उसे गलती से छू लिया जाए, तो उंगलियों पर एक ऐसा केमिकल अवशेष रह जाता जो शायद आवर्त सारणी के किसी तत्व से मेल न खाता। उस रैक के कोने में बैठा वह पैकेट महज एक सैनिटरी प्रोडक्ट नहीं, बल्कि बैक्टीरिया और फंगस का एक आलीशान पेंटहाउस बन चुका था, जहां नमी और सड़न ने मिलकर अपनी एक अलग ही सल्तनत कायम कर ली थी। गुप्ता जी ने उसे कभी हटाने की जहमत नहीं उठाई, क्योंकि उनके लिए वह रैक का एक हिस्सा नहीं बल्कि दुकान की नींव का पत्थर बन चुका था।

उस पैकेट के भीतर का कॉटन अब रद्दी कागज की लुगदी जैसा सख्त और बेजान हो गया था, जो किसी भी जीवित त्वचा के संपर्क में आते ही उसे सैंडपेपर की तरह छील देने की कसम खा चुका था।

उसकी सोखने की क्षमता अब शून्य से भी नीचे गिरकर एक ऐसे पत्थर में बदल गई थी, जिस पर पानी की एक बूंद भी गिरती तो वह शर्म से वहीं सूख जाती। वह पैकेट उस दौर का गवाह था जब इंटरनेट टूजी की रफ़्तार से रेंगता था, लेकिन आज के फाइवजी जमाने में उसकी मौजूदगी किसी ऐतिहासिक त्रासदी से कम नहीं थी। केमिस्ट के पास जब भी कोई नया ग्राहक आता, वह पैकेट अपनी धुंधली आंखों से उम्मीद भरी निगाहों देखता कि शायद आज उसे इस नर्क से मुक्ति मिलेगी।

मगर उसकी बदबू और उस पर पड़े मकड़ी के जालों को देखकर आधुनिक लड़कियां अपना मुंह फेर लेतीं और अल्ट्रा-थिन या मेंस्ट्रुअल कप्स की मांग करके गुप्ता जी के विंटेज कलेक्शन का दिल तोड़ देतीं। उस पैकेट का पोस्टमार्टम किया जाता तो पता चलता कि उसके एडहेसिव ने अपनी पकड़ कब की छोड़ दी थी और वह अब महज एक मरा हुआ अवशेष था, जिसे दुकान की शेल्फ ने जबरदस्ती कंधा दे रखा था।

एक दिन शाम के धुंधलके में एक लड़की दुकान पर आई और उसने सीधे उसी रैक की ओर इशारा किया। गुप्ता जी की आंखें चमक उठीं, उन्हें लगा कि आज उनके इस सड़े हुए खजाने का कोई कद्रदान मिल ही गया। उन्होंने बड़े जतन से उस पैकेट को उतारा, अपनी मैली रुमाल से उसकी सदियों पुरानी धूल झटकी और बड़े गर्व से उसे काउंटर पर रख दिया।

लड़की ने पैकेट को हाथ में लिया, उसकी चिपचिपाहट और उस पर उगे सूक्ष्म फंगस को बड़े ध्यान से देखा। उसके चेहरे पर कोई घृणा नहीं थी, बल्कि एक अजीब सी संतुष्टि थी। उसने बिना मोलभाव किए उसकी मुंहमांगी कीमत चुकाई और पैकेट को अपने बैग में रख लिया।

वह पैकेट अपनी इस अप्रत्याशित विदाई पर हैरान था, उसे लगा कि शायद अब उसका इस्तेमाल एक अंतिम विभीषिका के रूप में किया जाएगा। उसे खुशी थी कि कम से कम वह उस दम घोंटने वाले रैक से तो आजाद हुआ, भले ही उसका अंत किसी डस्टबिन में हो या किसी डमेटॉलॉजिकल डिजास्टर के रूप में।

शाम के धुंधलके में एक एलीट लुकिंग लड़की दुकान पर आई और उसने सीधे उसी रैक की ओर इशारा किया। गुप्ता जी की बांछें खिल गईं, उन्होंने फौरन डंडा उठाया और उस ऐतिहासिक मलबे को नीचे उतार लाए। उन्होंने बड़े जतन से मैली रुमाल से उसकी बारह साल की धूल झटकी और पूरे आत्मविश्वास के साथ बोले कि बेटा, ये असली चीज है, आजकल तो सब मिलावट आती है। लड़की ने पैकेट की चिपचिपाहट और उस पर उगे सूक्ष्म फंगस को बड़े ध्यान से देखा और बिना मोलभाव किए पूरे पैसे चुका दिए।

वह पैकेट अपनी इस अप्रत्याशित विदाई पर गदगद था, उसे लगा कि शायद अब उसका इस्तेमाल किसी महान उद्देश्य के लिए होगा। लड़की दुकान से बाहर निकली और सीधे सामने खड़ी अपनी चमकती हुई मर्सिडीज में जा बैठी। पैकेट को उसने अपनी बगल वाली सीट पर बड़े सम्मान से रखा।

उसे लगा कि शायद वह किसी लग्जरी स्पा में जा रहा है। मगर जैसे ही गाड़ी घर के गैरेज में रुकी, लड़की ने उस सड़े हुए पैकेट को निकाला और अपने पुराने विंटेज ट्रैक्टर के इंजन के पास ले गई। उसने पैकेट फाड़ा और उस बारह साल पुराने, सख्त और पथरीले कॉटन से मोबिल ऑयल का सबसे गंदा रिसाव पोंछना शुरू कर दिया।

पैकेट की आत्मा यह देखकर चीख उठी कि जिस कोमलता का दावा वह सदियों से कर रहा था, उसका अंत एक पुराने लोहे के इंजन की कालिख साफ करने वाले 'पोछे' के रूप में हुआ।

# हाय नोबल सर, आप ट्रंप के ना हुए



संजीव ठाकुर
लेखक

बेचारा नोबेल भी क्या करे उसे भी अपनी इज्जत बचानी थी। डोनाल्ड ट्रंप साहब जब दूसरी बार सत्ता के सिंहासन पर विराजे तो उनके मन में एक ही दिव्य प्रकाश की किरण प्रस्फुटित हुई, कुछ ऐसा किया जाय कि इतिहास और दुनिया भी दंग रह जाए और नोबेल पुरस्कार खुद चलकर व्हाइट हाउस के दरवाजे पर नतमस्तक हो जाए। उन्हें लगा कि दुनिया में शांति स्थापित करना उतना ही आसान है जितना ट्विटर अब एक्स पर एक पोस्ट डालना। उन्होंने ऐलान किया मैंने कइ देशों के बीच शांति स्थापित करा दी है। इंटरनेशनल मीडिया ने पूछा कौन कौन से देश? उन्होंने कहा नाम मत पूछो, शांति गोपनीय होती है नाम उजागर करने से शांति भंग होने की आशंका हो जाती है। अब ट्रंप साहब शांति के होलसेल ठेकेदार बन गए कि जहाँ शांति दिखी, वहाँ उन्हें खतरा महसूस हुआ। बोले ये कैसी शांति है जिसमें मेरा रोल और योगदान नहीं? बस फिर क्या था, उन्होंने शांति को बचाने के लिए युद्ध की चाबी घुमा दी अस्त्र-शस्त्र का बटन ऑन कर दिया। ईरान की तरफ एक तिरछी नजर डाली, वेनेजुएला की तरफ दूसरी, जैसे कोई डॉक्टर मरीज को बचाने के लिए पहले उसे बीमार घोषित कर देता है, मरीज गंभीर बीमार है इसे इलाज की जरूरत है और इसका इलाज मैं ही कर सकता हूं। उन्हें पूरा यकीन था कि नोबेल कमेटी सोच रही होगी इतना महान आदमी हमने आज तक कैसे नहीं देखा, जो युद्ध करके शांति लाता और पूरी दुनिया में इसका डिंडोरा पिटता है, लेकिन नोबेल कमेटी वाले भी कोई साधु-संत तो हैं नहीं उन्हें पता है कि यह शांति नहीं, 'शांति का रियलिटी शो या डुप्लीकेट डेमो चल रहा है, जिसमें हर एपिसोड के बाद टीआरपी गिर जाती है। उधर बराक ओबामा साहब का नाम इतिहास में पहले से दर्ज है। ट्रंप जी को यह बात कुछ वैसी ही चुभती थी जैसे पड़ोसी के घर में खरीदी गई नई कार, उन्होंने सोचा-'अगर ओबामा जी को नोबेल मिल सकता है, तो मुझे क्यों नहीं? मैं तो उनसे ज्यादा एक्टिव हूँ कम से कम ट्वीट तो ज्यादा करता हूँ और सोशल मीडिया में उनसे कहीं ज्यादा सुपर एक्टिव हूं। नोबेल पुरस्कार भी कोई चुनावी वादा तो था नहीं कि भाषण देकर ले हथिया लिया जाए। वह चुपचाप बैठा रहा, जैसे किसी जिद्दी बच्चे की जिद सुनकर बाप अनदेखी कर चुचाप अखबार पढ़ता रहे। आखिरकार ट्रंप जी समझ गए कि नोबेल पुरस्कार भी एक अजीब नायाब मृग मरीचिका है जिसे पाने के लिए जितना दौड़ो, वो उतना ही दूर भागती है, इधर दुनिया ने यह नया सिद्धांत सीख लिया, जहाँ युद्ध ज्यादा हो, वहाँ शांति की बात सबसे ज्यादा होती है।' ट्रंप साहब को नोबेल तो नही मिला, पर एक नई उपलब्धि सीख की तरह जरूर मिल गई, इतिहास में यह दर्ज हो गया कि शांति के नाम पर सबसे ज्यादा शोर किसने मचाया, किसने सबसे ज्यादा ढिंढोरा किसने पीटा।

# 151 प्रतिभाएं 'कुशवासी रत्न' से सम्मानित, लोक संस्कृति और सेवा का संगम बना कुशवासी महोत्सव

डॉ. शंभु पंवार



**नई दिल्ली(वेलकम इंडिया)।** धराधाम इंटरनेशनल, क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश) एवं राजकीय बौद्ध संग्रहालय के संयुक्त तत्वावधान में भस्मा में आयोजित प्रथम कुशवासी महोत्सव 2026 के समापन दिवस पर सांस्कृतिक, सामाजिक और जनसेवा से जुड़े विविध कार्यक्रमों का भव्य आयोजन हुआ। दिनभर दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ती रही और पूरा परिसर उत्सवमय वातावरण में सराबोर रहा।

महोत्सव में देश-विदेश से आए कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विशेष रूप से निशा उपाध्याय ने अपनी लोकगायन प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं डॉ .राकेश श्रीवास्तव सहित अन्य कलाकारों ने भी अपनी कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संत सौरभ के जन्मोत्सव पर प्रस्तुत सोहर और बधाई गीतों ने कार्यक्रम को भावनात्मक ऊंचाई प्रदान की। इस अवसर पर समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली 151 विभूतियों को 'कुशवासी रत्न' सम्मान से अलंकृत किया गया, सम्मानित विभूतियों में श्री अभिमन्यु लाल श्रीवास्तव, गोरख लाल, लेखक सर्वेश कांत वर्मा, सुधीर कुमार दुबे, डॉ.निशा अग्रवाल, शिवेश्वर पांडेय, डॉ.गोविंद गुप्ता, डॉ. नीरज गुप्ता, डॉ.रत्नेश कुमार दुबे, सुनीता सिंह सरोवर, बजरंगी सहाय पाण्डेय, नीरज गुप्ता, शशांक पाण्डेय, अजय कुमार, डॉ.पी एन पाण्डेय, मनीष मिश्र, वीरेंद्र मणि त्रिपाठी, डॉ.देवेंद्र कुमार पाठक, आचार्य बृजेश कुमार पाण्डेय, डॉ.प्रशांत मिश्र, सरदार जसपाल सिंह, रीत सिंह, बंजाक्षी यम, एकता उपाध्याय, डॉ.

कृष्ण कुमार पाण्डेय, डॉ.नारायण यादव , अनिल कुमार श्रीवास्तव, मुन्ना प्रसाद त्रिपाठी, राजन सिंह सूर्यवंशी, गौतम पाण्डेय सहित अन्य विशिष्ट जनों को सम्मानित किया गया। विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति ने आयोजन को विशेष महत्व प्रदान किया।

कार्यक्रम में राजेश त्रिपाठी, चारू चौधरी, सहित अनेक विशिष्ट अतिथियों की उपस्थिति रही। आयोजन के संयोजक सोहार्द शिरोमणि संत डॉ.सौरभ पांडेय एवं उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। महोत्सव के अंतर्गत राजकीय बौद्ध संग्रहालय की आकर्षक प्रदर्शनी ने दर्शकों को इतिहास और संस्कृति से जोड़ते हुए विशेष आकर्षण उत्पन्न किया। वहीं केशव चैरिटेबल हॉस्पिटल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने स्वास्थ्य जांच कराकर लाभ उठाया।

कुल मिलाकर कुशवासी महोत्सवझ2026 का यह आयोजन संस्कृति, कला, सम्मान और जनसेवा का एक अद्भुत संगम बनकर उभरा, जिसने समाज में सकारात्मक ऊर्जा और एकता का संदेश प्रसारित किया।

# बेहतर कल के लिए आज शिक्षा बेहद जरूरी: बोहरा

## प्रवेशोत्सव में हो रहा घर-घर सम्पर्क व सर्वे, पात्र बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**बाड़मेर राजस्थान।** शिक्षा विभाग द्वारा जारी निदेर्शों की पालना में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय सांसियों का तला में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में घर-घर सम्पर्क एवं सर्वे किया जा रहा है। जिस कड़ी में शनिवार को विद्यालय के कैचमेन्ट एरिया रिंग रोड़ स्थित राजपूतों की ढ़ाणी व सांसी मोहल्ला में स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन व पीटीआई राजेश जोशी ने घर-घर सम्पर्क व सर्वे किया। जिसमें 25 से अधिक घरों में सर्वे व सम्पर्क किया गया।

स्टेट अवार्डी शिक्षक मुकेश बोहरा अमन ने बताया कि सांसियों का तला राजस्व गांव में प्रत्येक घर पहुंच पात्र बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। जिसके तहत शनिवार को रंग रोड़ स्थित सांसी मोहल्ला में परिवारों का सर्वे कार्य किया गया। और अभिभावकों से सम्पर्क कर विद्यालय प्रवेश के लिए पात्र बच्चों को विद्यालय से जोड़ने का आह्वान किया गया।

अमन ने कहा कि अपने बेहतर कल के लिए आज उन्हें शिक्षित करना बेहद जरूरी है। शिक्षा के सहारे ही ये भावी पीढ़ी सक्षम हो सकेगी। इस दौरान राजपूतों की ढ़ाणी में पदमसिंह, तेजमालसिंह, नरपतसिंह व सांसी मोहल्ला में दीवान, रिजूराम, शंकर, सानिया, श्रवण, उगम, मांगीलाल, सुल्तान, सुरताराम आदि परिवारों से सम्पर्क कर सर्वे किया गया। वहीं मोहल्ले में अभिभावकों से शिक्षा के महत्व पर चर्चा की गई। साथ ही अभिभावकों ने भी विद्यालय व बच्चों की पढ़ाई के सुधार को लेकर भी अपने सुझाव दिये।

# गाय को दलदल से बचाने में पुलिस की जद्दोजहद और सराहनीय काम

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**अमेठी।** शुकुल बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत विराहीम बाज गढ गांव में एक दिल को छू लेने वाली घटना सामने आई है, जहां एक गाय तालाब के दलदल में फंस गई। चरवाहों की सूझबूझ से ग्राम प्रधान को सूचना दी गई और देखते-देखते काफी लोग इकट्ठा हो गए। पुलिस को सूचना दी गई और मौके पर पहुंचे श्री कृष्ण पाल चौकी इंचार्ज ने सूझबूझ और बहादुरी से गाय की जान बचाई। ग्रामीणों ने बताया कि गाय गर्मी के चलते पानी पीने तालाब पर गई थी पानी पीते पीते गए अंदर चली गई और दलदल में फंसकर गिर गई जब ग्रामीणों ने देखा तो गाय फस गई थी।तब आवाज लगाना शुरू किया। पुलिस और प्रशासन ने मिलकर गाय को सुरक्षित बाहर निकाला। ग्रामीणों ने चौकी इंचार्ज कृष्ण पाल की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनका यह काम सराहनीय है और उन्हें इसके लिए सम्मानित किया जाना चाहिए। चौकी इंचार्ज कृष्ण पाल की इस बहादुरी और मानवता की भावना को देखते हुए, ग्रामीणों ने उनकी प्रशंसा की और कहा कि वह एक सच्चे पुलिस अधिकारी हैं जो अपनी ड्यूटी के साथ-साथ मानवता की सेवा भी कर रहे हैं। इस घटना से यह साबित होता है कि पुलिस और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से किसी भी मुश्किल का समाधान किया जा सकता है और मानवता की सेवा की जा सकती है।

# जिलाधिकारी के नेतृत्व में स्ववित्त पोषित विद्यालयों की बैठक का आयोजन

हरेन्द्र शर्मा



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद की कलेक्ट्रेट सभागार हापुड में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जनपद के स्ववित्त पोषित विद्यालयों की बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में सी०बी०एस०ई० / आई०सी०एस०ई० एवं यू०पी० बोर्ड के समस्त स्ववित्त पोषित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया। बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा फीस वृद्धि पर चर्चा करते हुए शुल्क विनिमय के अन्तर्गत निर्धारित फीस वृद्धि को ही मान्य किये जाने के आदेश दिये गये साथ ही सभी विद्यालयों को कड़े शब्दों में आदेशित किया गया कि, अभिभावकों व छात्रों को एक दुकान से पुस्तक खरीदने हेतु बाध्य ना किया जाये। शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्रवेश पाये गये बच्चों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाये यदि किसी विद्यालय ने निर्धारित शुल्क से अधिक शुल्क ले लिया है तो उसे आगामी माह में समायोजित करते हुए आगामी फीस ली जाये। जिला विद्यालय निरीक्षक हापुड डा० श्वेता पूठिया ने उपस्थित अभिभावक सदस्यों से कहा कि यदि किसी भी अभिभावक को कोई भी समस्या होती है तो वह टोल फ्री नम्बर- 1077 अथवा कन्ट्रोल रुम हेल्प लाइन नम्बर 0122-2304834, 0122-2304835 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। यदि अन्य किसी भी विषय से सम्बंधित कोई भी समस्या हो तो कार्यालय जिला विद्यालय निरीक्षक हापुड़ में आकर अवगत करा सकते हैं। साथ ही सभी विद्यालयों को यह भी आदेशित किया गया कि स्कूल ड्रेस आदि के सम्बन्ध में अभिभावकों को कोई परेशानी ना हो। बैठक में पी०डब्लू०डी० के अधिशासी अभियन्ता, बेसिक शिक्षा अधिकारी श्रीमती रीतू तोमर व वरिष्ठ कोषाधिकारी हापुड़ पारुल सिंह एवं सी०ए० दीपाली जिन्दल व शरद गर्ग, नितिन तोमर एवं प्रधानाचार्य गण उपस्थित रहे।

# श्रीमद्भागवत गीता शिव परमात्मा उवाच पुस्तक भेंट



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**रुड़की।** ब्रह्माकुमारीज आध्यात्मिक सोच से प्रेरित प्रख्यात लेखक डॉ श्रीगोपाल नारसन द्वारा लिखित 'श्रीमद्भागवत गीता शिव परमात्मा उवाच' पुस्तक सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार चड्ढा को उत्तराखंड में संस्कृत शिक्षा निदेशक रहे डॉ आनन्द भारद्वाज व स्वयं लेखक डॉ श्रीगोपाल नारसन ने भेंट की।सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता संजय कुमार चड्ढा ने इस अवसर पर ब्रह्माकुमारीज के विश्व शांति अभियान व श्रीमद्भागवत गीता को लेकर समय समय पर राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित करने को राष्ट्र हित मे सार्थक कदम बताया। डॉ आनन्द भारद्वाज ने पुस्तक को जीवन जीने की कला का प्रतिबिंब बताया।

# हाईवे पर तेल चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 2 शातिर गिरफ्तार- अवैध हथियार व 200 लीटर डीजल बरामद

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद हापुड़ में अपराध नियंत्रण के तहत चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने हाईवे किनारे खड़े वाहनों से डीजल चोरी करने वाले सक्रिय गिरोह का पदार्फाश करते हुए 02 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रही सघन कार्रवाई के दौरान थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने पलवाड़ा रोड स्थित बिजलीघर के पीछे जाने वाले रास्ते से दोनों अभियुक्तों को दबोच लिया।गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान:गुल्लु पुत्र मौ० जामिल, निवासी मिलन पैलेस के पास, समर गार्डन, 60 फुटा रोड, थाना लिसाड़ी गेट, जनपद मेरठ नौशेर पुत्र नूर मोहम्मद, निवासी ग्राम देहरा, थाना धौलाना, जनपद हापुड़ बरामदगी:पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से करीब 200 लीटर डीजल, तेल चोरी करने के उपकरण, घटना में प्रयुक्त कैंटर (वढ15 एळ 7566), एक अवैध तमंचा 315 बोर मय एक जिंदा कारतूस तथा एक अवैध चाकू बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त लंबे समय से हाईवे पर खड़े वाहनों को निशाना बनाकर डीजल चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे।इस संबंध में थाना गढ़मुक्तेश्वर में अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है और आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ ही अपराधियों में हड़कंप मच गया है।

# हापुड़ नगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 650 ग्राम गांजा व नकदी सहित तस्कर गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अवैध मादक पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध गांजा व नकदी बरामद की है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चल रहे अभियान के अंतर्गत थाना हापुड़ नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए बदनौली वाले रास्ते पर रेलवे फाटक के पास से एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान विकास पुत्र राजकुमार निवासी मौहल्ला बृह्मनान, चाहकमाल, थाना हापुड़ नगर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है।पुलिस के अनुसार अभियुक्त के कब्जे से करीब 650 ग्राम अवैध गांजा तथा 3550 रुपये नकद (गांजा बेचकर प्राप्त) बरामद किए गए हैं।पुलिस ने बताया कि इस संबंध में थाना हापुड़ नगर पर अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है तथा अभियुक्त के खिलाफ अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।जनपद पुलिस द्वारा अवैध मादक पदार्थों के खिलाफ यह अभियान लगातार जारी रहेगा।

# हापुड़ में नए सीएमओ का भव्य स्वागत, आयुष्मान कार्ड व गरीबों के इलाज पर दिया विशेष जोर

राजेंद्र सिंह



**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** जनपद हापुड़ में मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) का पदभार संभालने पर वेद प्रकाश अग्रवाल का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर दिव्यांग बोर्ड के सलाहकार भरत लाल शर्मा एवं कांग्रेस नेता विक्की शर्मा ने उन्हें पटका पहनाकर एवं फूल-मालाओं से सम्मानित किया।कार्यक्रम के दौरान आयुष्मान कार्ड योजना को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। दिव्यांग बोर्ड के सलाहकार भरत लाल शर्मा ने विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए आयुष्मान कार्ड की सुविधा सुनिश्चित करने की मांग उठाई। इस पर सीएमओ वेद प्रकाश अग्रवाल ने आश्वासन दिया कि दिव्यांगों की हर संभव मदद की जाएगी और उन्हें योजना का पूरा लाभ दिलाया जाएगा।सीएमओ ने यह भी भरोसा दिलाया कि जिला अस्पताल सहित पूरे जनपद में गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के इलाज का विशेष ध्यान रखा जाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि कोई भी व्यक्ति इलाज से वंचित नहीं रहेगा और सभी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।कांग्रेस नेता विक्की शर्मा ने इस पहल के लिए सीएमओ का आभार व्यक्त किया और उम्मीद जताई कि उनके नेतृत्व में स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर होंगी। अंत में भरत लाल शर्मा एवं विक्की शर्मा ने सीएमओ का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# बाबूगढ़ पुलिस की त्वरित कार्रवाई: प्रधानमंत्री के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर आपत्तिजनक टिप्पणियां/पोस्ट करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत थाना बाबूगढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मा० प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के संबंध में अमर्यादित भाषा का प्रयोग करने वाले दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, थाना बाबूगढ़ पुलिस ने कस्बा बाबूगढ़ छावनी क्षेत्र से दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान राजू पुत्र राम सिंह, निवासी बाबूगढ़ छावनी थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ तथा मोईन पुत्र सदाकत, निवासी ग्राम भमैड़ा थाना बाबूगढ़ जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। पुलिस द्वारा दोनों आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। जनपद पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक एवं भ्रामक सामग्री पोस्ट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रखने की बात कही है।

# किन्नर प्रकोष्ठ में बड़ी जिम्मेदारी कल्याणी नंदगिरी छोटी माँ बनीं प्रदेश महामंत्री

## विश्व हिंदू महासंघ ने संगठन विस्तार को दी गति, नई नियुक्ति से कार्यकताओं में उत्साह

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** विश्व हिंदू महासंघ उत्तर प्रदेश किन्नर प्रकोष्ठ में संगठनात्मक मजबूती की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए नई नियुक्ति की घोषणा की गई है। प्रदेश प्रभारी श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कनकेश्वरी नंदगिरी के प्रस्ताव पर तथा किन्नर प्रकोष्ठ की प्रदेश अध्यक्ष कागज किरन की संस्तुति से श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर कल्याणी नंदगिरी छोटी माँ को किन्नर प्रकोष्ठ में प्रदेश महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है।इस नियुक्ति से किन्नर समाज और विश्व हिंदू महासंघ संगठन के कार्यकताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। विश्व हिंदू महासंघ संगठन के पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि कल्याणी नंदगिरी छोटी माँ अपने अनुभव, आध्यात्मिक नेतृत्व और समाजसेवा की भावना से विश्व हिंदू महासंघ संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे विश्व हिंदू महासंघ संगठन की नीतियों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगी उन्होंने किन्नर समाज के उत्थान, सम्मान और अधिकारों के लिए निरंतर प्रयास करने का भी संकल्प लिया।इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ संगठन के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे और सभी ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की।

# तार चोरी के आरोपी को 3 साल से अधिक की सजा

**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** उत्तर प्रदेश पुलिस के ₹ऑपरेशन कन्विक्शन₹ अभियान के तहत बुलंदशहर पुलिस ने प्रभावी पैरवी करते हुए चोरी के एक आरोपी को सजा दिलाने में सफलता प्राप्त की है। न्यायालय ने आरोपी को जेल में बिताई अवधि 03 वर्ष 02 माह 07 दिन तथा 500 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार, थाना गुलावठी क्षेत्र के मोहल्ला भीमनगर निवासी अभियुक्त अमन पुत्र नेमचन्द्र ने वर्ष 2022 में जय अम्बे इंटरप्राइजेज, मुंबई कंपनी का बिजली का तार चोरी किया था। इस मामले में थाना कोतवाली देहात में 14 मार्च 2022 को मुकदमा संख्या 721/2022 धारा 379 आईपीसी के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस द्वारा जांच पूरी करने के बाद 11 दिसंबर 2022 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया। इस मामले को पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देश पर चलाए जा रहे ऑपरेशन कन्विक्शन अभियान के अंतर्गत चिन्हित किया गया और मॉनिटरिंग सेल बुलंदशहर द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई। सुनवाई के बाद 04 अप्रैल 2026 को सीजेएम न्यायालय बुलंदशहर के न्यायाधीश सुनील कुमार त्रिपाठी ने आरोपी को दोषी मानते हुए सजा सुनाई।

# किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू अराजनैतिक का प्रतिनिधिमंडल सांसद कुंवर सिंह तंवर से मिला



राजेंद्र सिंह

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ शनिवार को भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) का एक प्रतिनिधिमंडल किसानों के साथ अमरोहा सांसद कुंवर सिंह तंवर से उनके सिखेड़ा स्थित फार्म हाउस पर मिला। इस दौरान किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर विस्तार से वार्ता की गई।प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के समक्ष प्रमुख रूप से तीन मांगें रखीं। किसानों ने गन्ने का भुगतान ब्याज सहित जल्द कराने, बे-मौसम बारिश से खराब हुई फसलों का सर्वे कराकर पूरे जिले में मुआवजा दिलाने तथा सभी खाद केंद्रों पर किसानों को पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग उठाई।सांसद कुंवर सिंह तंवर ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए तत्काल हापुड़ के जिलाधिकारी से वार्ता की और संबंधित अधिकारियों को किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने के निर्देश दिए।इस अवसर पर

कटार सिंह, केपी सिंह, रोहित शर्मा, सुधीर बिधूड़ी, वीरेंद्र लोहिया, कुलदीप सिंघल, यतेश, मासेम सैनी, योगेंद्र तंवर सहित अन्य किसान उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक की संयुक्त अध्यक्षता में तहसील मांट में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील मांट में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस के अवसर पर फरियादियों की शिकायतें सुनी। जिलाधिकारी ने प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के नियमानुसार त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया।

मांट तहसील समाधान दिवस के मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि संपूर्ण समाधान दिवस का मुख्य उद्देश्य जनसमस्याओं का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करना है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुलाकर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक अपने कार्यालय में उपस्थित रहकर जन समस्याएं सुने। उक्त कार्य में लापरवाही नहीं होनी चाहिए।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस/ तहसील दिवस में कहा कि जनता की समस्या का समाधान करना हम सबके लिए सर्वोपरि है। कोई भी फरियादी तहसील दिवस या किसी भी कार्यालय से निराश होकर नहीं जाना चाहिए।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार, उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही एवं क्षेत्राधिकारी मांट संदीप कुमार सिंह ने माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा वाराणसी में 'स्कूल चलो अभियान' का शुभारंभ एवं निपुण विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा।

उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही ने अवगत कराया कि मांट तहसील में 71 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

तहसीलदार गोवर्धन सुशील गुप्ता ने बताया कि गोवर्धन तहसील में 25 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 3 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया है। उप जिलाधिकारी महावन कंचन ने अवगत कराया है कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसील महावन में 27 शिकायतें प्राप्त हुई तथा मौके पर 4 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

उप जिलाधिकारी छाता वैभव गुप्ता ने अवगत कराया कि छाता तहसील में 38 शिकायतें प्राप्त हुई। तहसीलदार सदर ने अवगत कराया है कि सदर तहसील में 46 शिकायतें प्राप्त हुई है, जिसमें से 1 शिकायत का मौके पर निस्तारण किया गया।

# महामहिम आईं व्यवस्था लाईं, महामहिम गईं व्यवस्था गई

वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/गोवर्धन।** मथुरा वृंदावन में पिछले माह एक उत्सव हुआ, यह उत्सव था भारत की महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू का बृज दर्शन। जहां वृंदावन में महामहिम ने आश्रमों, मठों का भ्रमण किया, साधु संतों से वातालर्पा की और रामकृष्ण मिशन हॉस्पिटल में नए कैंसर विभाग का उद्घाटन भी किया, वहीं गोवर्धन में दानघाटी मंदिर, मुकुट मुखारविंद मानसी गंगा मन्दिर पर दूध भोग चढ़ा कर गिरिराज जी की सप्तकोसीय परिक्रमा की।

इस अवसर पर उनके आगमन वाले स्थानों और मार्गों को इस तरह से सजाया गया कि उनकी सुंदरता देखते ही बनती थी, प्रशासन ने दिन रात एक करके सड़कों की मरम्मत करवाई, साफ सफाई करवाई, दीवारों पर रंग किया गया और सुंदर छवियां बनाई गईं। जहां साफ सफाई करनी मुश्किल थी वहां का एक ही इलाज था पर्दा और मानसी गंगा के गऊघाट से लेकर परिक्रमा में सैकड़ों जगहों को पर्दे से ढक दिया गया कि कहीं महामहिम को यहां की असलियत न दिख जाए। बृजवासियों से पूछा जाए तो वो फिर भी प्रशासन को 100 में से 90 अंक देंगे क्योंकि दिन रात मेहनत करके बृज को ऐसा संवारा गया था जिसकी कल्पना बृजवासियों ने कभी न की थी, गिरिराज महाराज भी धन्य हुए कि उनकी इतनी अच्छी बुहारी सेवा की गई।

गोवर्धन में सारे नाकों पर से बैरीकेडिंग हटा ली गई, अतिक्रमण हट गया और व्यवस्था ऐसी हो गई कि बड़े बाजार के भीतर से चौपहिया वाहन भी उन दिनों गुजरने लगे। लेकिन रात गई और बात गई, राष्ट्रपति के जाने के बाद सारी व्यवस्था फिर से पटरी से उतर गई, सड़कों पर गंदगी दिखने लग गई, जाम लगने लग गया, अतिक्रमण अपने पुराने स्तर पर पहुंच चुका है और जुर्म भी अपनी स्थिति यथावत बनाए हुए है।

दानघाटी मंदिर पर बाहर के नंबर की गाड़ियां आ रही हैं, मंदिर के समीप ही पार्किंग भी कर दी जाती है और वी आई पी दर्शन करने वालों की गाड़ियों का तो बस नहीं चलता वरना मंदिर के अंदर ही रोकी जातीं।

गोवर्धन थाने के एक बहुत बड़े पुलिस बल को वी आई पी ड्यूटी घेरे रखती है, वहीं दूसरी ओर सौंख अड्डा, डीग अड्डा , बस अड्डा इत्यादि जगहों पर पुलिस कर्मियों को खड़े रहना पड़ता है तो ऐसे समय पर कैसे वह अपना ध्यान क्षेत्र को अपराध मुक्त करने में लगा सकते हैं। इस सब अव्यवस्था को देखते हुए गोवर्धन वासी कह रहे हैं कि चार दिन की चांदनी फिर अंधेरी रात।

# सपा नेता महेश चंद शर्मा पहुंचे बर का नगला के दंगल में, आयोजकों ने किया सम्मान



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मथुरा/मगोर्रा।** क्षेत्र के बर का नगला में शुक्रवार को चंद्रवीर पहलवान द्वारा एक विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया गया। जिसमे राजस्थान, हरियाणा, उत्तर प्रदेश व अन्य जगहों से आए पहलवानों ने अपने अपने दम खम दिखाए। दंगल प्रायोजक कमेटी द्वारा पहलवानों को नगद ईनाम देकर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे समाजवादी पार्टी के नेता महेश चंद शर्मा ऊर्फ गोल्डी भैया का स्वाफा बांधकर एवं तस्वीर भेंट कर दंगल आयोजन कमेटी के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया। सपा नेता महेश चंद शर्मा गोल्डी भैया द्वारा दंगल आयोजन कमेटी के लिए ग्यारह हजार रुपए नगद ईनाम दिया।

# आशाओं ने निकाली जागरूकता रैली, एक दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित

वेलकम इंडिया संवाददाता





**औरंगाबाद (बुलंदशहर)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखावटी पर संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित आशा कार्यकताओं को संचारी रोगों से बचाव हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। आशा कार्यकताओं ने जागरूकता रैली भी निकाली।

प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ अस्पताल अधीक्षक डॉ हरेंद्र सिंह ने किया। उन्होने बताया कि मौसमी बीमारियों से बचाव हेतु साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। सभी आशा कार्यकर्ता गांव-देहात में अपने अपने क्षेत्र में ग्रामीणों को मौसम परिवर्तन के समय होने वाली बीमारियों की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को स्वच्छता के लिए प्रेरित करें। चीफ फार्मासिस्ट नरेंद्र रावत ने दस्तक अभियान की विस्तार से जानकारी दी तथा कहा कि जल भराव और गंदगी के कारण डेंगू और मलेरिया जैसी बीमारियों को बढ़ावा मिलता है अतः ग्रामीणों को स्वच्छता और साफ सफाई रखने के लिए जागरूक करें। डॉ आकाश त्यागी ने कुपोषित बच्चों और क्षय रोगियों की पहचान करने और सभी रोगियों की सरकारी अस्पताल में जांच व चिकित्सा कराने के लिए सुझाव दिए। बी पी सी एम सर्विष्ठा देवी ने आशाओं को डेटा संग्रह के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। आशाओं ने जागरूकता रैली निकाली और आसपास के लोगों को स्वास्थ्य व स्वच्छता हेतु जागरूक किया। आशाओं ने सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ का संदेश दिया। इस अवसर पर सभी आशा, आशा संगिनी, अंशु गीता माया, रानी ,शशी ,बीसीपीएम सर्वीष्ठा देवी आदि मौजूद रहे।

# डीएम एवं एसएसपी ने बहादुरी का कार्य करने वाली 12 महिलाओं को किया सम्मानित किया



मनोज शर्मा

**मथुरा(वेलकम इंडिया)।** जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने तहसील मांट के सभागार में मिशन शक्ति 5.0 अभियान द्वितीय चरण के अंतर्गत बहादुरी का कार्य करने वाली 12 महिलाओं को सम्मानित किया। सम्मानित महिलाओं में थाना मांट की खुशी, रवीना, प्राची व मोनिका शर्मा, थाना सुरीर की विजय लक्ष्मी, आशा रानी, दिव्या कुमारी व रश्मि तथा थाना नौहझील की शीतल, लक्ष्मी रावत, दीप्ति व रूबी यादव को सम्मानित किया गया। सम्मानित पुलिस कर्मचारियों द्वारा महिलाओं की सुरक्षा एवं महिला सशक्तिकरण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत महिलाओं को अपराधों के प्रति जागरूक करने व आत्मरक्षा के लिए महिलाओं को प्रोत्साहित करने जैसे कार्यों को धरातल पर उतारने में उच्च कोटि का सहयोग प्रदान करते हुए बहादुरी का कार्य किया गया है। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी मांट रितु सिरोही एवं क्षेत्राधिकारी मांट संदीप कुमार सिंह उपस्थित रहे।

# डीजल की होने लगी जमाखोरी, पेट्रोल पंपों पर ट्रक्टर ट्राली में एक-एक दर्जन ड्रम डीजल भरवा रहे लोग

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा।** गैस की किल्लत से लोग परेशान हैं वहीं डीजल की जमाखोरी भी शुरू हो गई है। पेट्रोल पंपों से लोग ट्रालियों में ड्रम भरकर हजारों लीटर डीजल स्टाक कर रहे हैं। देहात में हर जगह इस तरह के नजारे आम हो गये हैं। गोवर्धन क्षेत्र में गैस की किल्लत और कालाबाजारी का मामला गुरुवार को सामने आ चुका है जिसमें एक हॉकर द्वारा अपने घर में एजेंसी से लाए सिलेंडरों का स्टाक किया हुआ था। इधर डीजल की जमाखोरी भी आम हो चली है। पेट्रोल पंप संचालक एक एक दर्जन ड्रम में डीजल भर रहे हैं। उन्हें अधिकारियों का कोई निर्देश नहीं मिला है कि युद्ध की स्थिति में गैस और पैट्रोलियम उत्पादों की जमाखोरी न होने दें।

विदित हो कि डीजल की जमाखोरी किसान भी कर रहे हैं। मशीनों पर आधारित खेती को समय से बोने व किसी तरह की दिक्कत न होने से बचने के लिए बड़े काश्तकार भी ऐसा कर रहे हैं। निकट ही राजस्थान राज्य की सीमा लगी होने के कारण कुछ चीजों के मामले में कभी यूपी के लोग राजस्थान से तो कभी राजस्थान के लोग यूपी से वस्तुओं की खरीद आम तौर पर करते रहू हैं। पुलिस - प्रशासन की सख्ती के बाउंसी इस तरह की गतिविधियों पर अंकुश लग पाता है चूंकि वस्तुओं की आवाजाही कयी कच्चे रास्तों से ज्यादा होती है। संभवतः प्रशासन के संज्ञान में इस तरह के मामले आए नहीं हैं अन्यथा की दशा में पेट्रोल पंप संचालकों को दिशा निर्देश जारी हो गये होते। एसडीएम गोवर्धन प्रजाक्ता त्रिपाठी से इस संबंध में वार्ता करनी चाही लेकिन उनका वर्जन नहीं मिल सका।

# जिले में आइजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करने हेतु जिलाधिकारी ने की बैठक



हरेन्द्र शर्मा

**हापुड़(वेलकम इंडिया)।** हापुड़ जनपद के जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आइजीआरएस पोर्टल पर आ रही शिकायतो एवं उनके निस्तारण के संबंध में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आइजीआरएस पोर्टल की निरंतर समीक्षा शासन स्तर से की जाती है जिस पर गुणवत्ता परक निस्तारण न करने से जनपद की रैंक प्रभावित होती है। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन विभागों की आइजीआरएस पोर्टल पर खराब रैंकिंग प्रदर्शित हो रही है उसका जल्द से जल्द सुधार करना सुनिश्चित करें साथ ही आइजीआरएस पोर्टल पर जो भी शिकायत प्राप्त हो रही है उसमें शिकायतकर्ता से वार्ता कर उसे संतुष्ट भी किया जाए उसके उपरांत ही आख्या रिपोर्ट पोर्टल पर अपलोड करें जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो। बैठक के अंत में जिलाधिकारी निर्देश दिए कि आइजीआरएस पोर्टल पर जिस भी शिकायत का निस्तारण करें उसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

# एसएससी परीक्षा देने निकला युवक 53 दिन से लापता, एफआईआर तक नहीं दर्ज

## लापता बेटे के लिए भटक रहा परिवार,72 घंटे मे कार्यवाही न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** आदमपुर थाना क्षेत्र के दीवानगंज मोहल्ला निवासी 23 वर्षीय युवक ऋषभ मौर्य के लापता होने के 53 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज न किए जाने से परिजनों में आक्रोश व्याप्त है। परिवार ने पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल उठाते हुए प्रशासनिक उदासीनता का आरोप लगाया है।

परिजनों के अनुसार ऋषभ मौर्य 11 फरवरी 2026 को दोपहर करीब बारह बजे एसएससी परीक्षा देने के लिए झूंसी,प्रयागराज जाने के लिए घर से निकले थे लेकिन इसके बाद वह वापस नहीं लौटे काफी खोजबीन के बाद भी उनका कोई सुराग नहीं लग सका।

परिवार का कहना है कि उन्होंने कई बार स्थानीय पुलिस से शिकायत की, साथ ही पुलिस कमिश्नर और मुख्यमंत्री आवास पर भी प्रार्थना पत्र दिया,लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

आरोप है कि मुख्यमंत्री पोर्टल पर दर्ज शिकायत का निस्तारण भी दिखा दिया गया जबकि युवक का अब तक कोई पता नहीं चला है।

ऋषभ के पिता अंबिका मौर्य जो भाजपा के बूथ अध्यक्ष होने के साथ ही एक व्यापारी और पहड़िया व्यापार मंडल के सदस्य हैं उन्होंने बताया कि एक संदिग्ध व्यक्ति पर संदेह जताने के बावजूद पुलिस कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है उन्होंने यह भी कहा कि वर्षों से सामाजिक संगठन से जुड़े होने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिल पा रहा है। परिजनों ने चेतावनी दी है कि यदि 72 घंटे के भीतर मामले में प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई,तो वे आंदोलन करने को बाध्य होंगे उन्होंने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर मामले की गंभीरता से जांच कराने की मांग की है।

# प्राचीन भारतीय मसाला व्यापार पर व्याख्यान,वैश्विक प्रभावों पर हुआ विस्तृत विमर्श

## भारत का मसाला व्यापार कैसे बना विश्व अर्थव्यवस्था का आधार- डॉ.वर्मा

संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** वाराणसी इंस्टीट्यूट ऑफ हिस्ट्री द्वारा "Early IndianSpice Trade and Its Global ImpÔct (प्रारंभिक भारतीय मसाला व्यापार और उसका वैश्विक प्रभाव)' विषय पर एक ऑनलाइन व्याख्यान का सफल आयोजन किया गया जिसमें मुख्य वक्ता डॉ. विकास कुमार वर्मा,एसोसिएट प्रोफेसर,इतिहास विभाग, रामजस कॉलेज,दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपने विचार प्रस्तुत किए।

डॉ.वर्मा ने अपने व्याख्यान में प्राचीन भारत के समृद्ध मसाला व्यापार के ऐतिहासिक स्रोतों,मौसमी परिवर्तनों के साथ व्यापारिक मार्गों और मसाला उत्पादन क्षेत्रों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि भारत प्राचीन काल में वैश्विक व्यापार का एक महत्वपूर्ण केंद्र था।

उन्होंने विशेष रूप से मसाला व्यापार,वस्त्र व्यापार और धातु विनिमय की चर्चा करते हुए बताया कि भारतीय वस्तुएँ रोम,मिस्र, चीन और अरब देशों तक निर्यात की जाती थीं जिसका वर्णन विदेशी यात्रियों द्वारा किया गया है उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि समुद्री और स्थल मार्गों के माध्यम से भारत का संपर्क विभिन्न सभ्यताओं से स्थापित हुआ जिससे न केवल आर्थिक विकास हुआ बल्कि सांस्कृतिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा मिला।

भारतीय ज्ञान,विज्ञान,कला और परंपराओं का प्रभाव अन्य देशों में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है।




आज कई बीमारियों के संक्रमण को रोकने हेतु आयुर्वेद के क्षेत्र में मसालों का उपयोग प्रासंगिक हो गया है।

डॉ.वर्मा ने यह भी समझाया कि भारतीय व्यापार ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और इसी के परिणाम स्वरूप नए व्यापार मार्गों की खोज और उपनिवेशवाद की शुरूआत हुई उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि कैसे भारतीय मसालों ने यूरोप,मध्य एशिया और अन्य क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था,खान -पान और सांस्कृतिक जीवन को गहराई से प्रभावित किया।




इस संस्थान की संस्थापक निदेशक एमेरिटस प्रोफेसर अरूणा सिन्हा ने मुख्य वक्ता का स्वागत एवं व्याख्यान विषय को प्रतिस्थापित करते हुए कहा कि भारतीय व्यापारियों ने अरब,रोमन और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों के साथ मजबूत व्यापारिक संबंध स्थापित किए थे।

भारतीय व्यापार ने केवल आर्थिक ही नहीं,बल्कि सांस्कृतिक और बौद्धिक आदान-प्रदान को भी बढ़ावा दिया। भारतीय परंपराएँ,खान-पान और ज्ञान प्रणालियाँ अन्य सभ्यताओं को प्रभावित करती रहीं।

अपने संबोधन में प्रो.सिन्हा ने वर्तमान पीढ़ी को इस समृद्ध विरासत को समझने और उससे प्रेरणा लेने का आह्वान किया।

इस कार्यक्रम का संचालन डॉ.कुलदीप कुमार मिश्र एवं धन्यवाद ज्ञापन चांदनी यादव ने किया।

इस कार्यक्रम में डॉ.जयलक्ष्मी कौल,डॉ.बैजू कुमार सहित विभिन्न संस्थानों से लगभग 100 से अधिक विद्यार्थियों,शोधार्थियों और शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस कार्यक्रम को सफल एवं सार्थक बनाया।

# अपनी मांगों का निराकरण न होने के चलते गोवर्धन तहसील की टंकी पर चढ़ी युवती

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मथुरा/गोवर्धन।** शनिवार को तहसील प्रांगण में उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्ष कर रहे दर्जनों किसान अचानक पानी की टंकी पर चढ़ गए। किसानों का आरोप है कि शासन-प्रशासन उनकी जायज मांगों को लगातार अनसुना कर रहा है, जिससे तंग आकर उन्हें यह आत्मघाती कदम उठाना पड़ा।

ग्रामीणों और किसान नेताओं के अनुसार, क्षेत्र में जल निकासी की गंभीर समस्या बनी हुई है, जिससे सैकड़ों एकड़ फसल बर्बाद हो रही है। किसानों ने मांग की कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान हो, खेतों में भरे पानी की निकासी के लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। कई गांवों में पानी की टंकियां जर्जर हो चुकी हैं या शुरू ही नहीं हुई हैं, जिससे पीने के पानी का संकट गहरा गया है।जलभराव और प्राकृतिक आपदा से नष्ट हुई फसलों का उचित मुआवजा दिया जाए।

किसानों के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और तहसील प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंच गए। अधिकारियों ने किसानों को नीचे उतारने के लिए समझाने-बुझाने का प्रयास किया, लेकिन किसान मौके पर ही जिलाधिकारी को बुलाने और लिखित आश्वासन की मांग पर अड़े रहे।

# डीएम द्वारा मेंहदावल विकासखंड कार्यालय के सभी पटलों/अनुभागों का किया गया निरीक्षण

## पत्रावलियों के सुव्यवस्थित ढंग से रखरखाव, साफ-सफाई सहित अन्य कार्यों का निरीक्षण कर दिए गए आवश्यक दिशा-निर्देश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार द्वारा आज विकासखंड मेंहदावल कार्यालय के सभी पटलों/अनुभागों एवं पशु अस्पताल मेंहदावल का सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा पत्रावलियों के सुव्यवस्थित ढंग से रख रखाव, पटल से संबंधित पत्रावलियों के नियमानुसार व त्वरित निस्तारण, कार्यालय परिसर में साफ-सफाई सहित अन्य बिंदुओं पर संबंधित कार्यालय/पटल सहायक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी द्वारा सर्वप्रथम सभी कक्षों एवं कक्ष से संबंधित कार्यों की अद्यतन स्थिति, प्रगति एवं गुणवत्ता का निरीक्षण किया गया तथा विकासखंड स्तर पर संचालित सभी योजनाओं का गहन निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मनरेगा के वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में जानकारी ली गयी। एनआरएलएम योजना के अन्तर्गत प्रगति की जानकारी ली गयी तथा आईजीआरएस रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर, परिवार रजिस्टर का परीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

निरीक्षण के दौरान दो वर्ष से पुरानी लम्बित ऑडिट आपत्तियां पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा तत्काल निस्तारण के निर्देश दिये गये। खण्ड विकास अधिकारी कक्ष की आलमारी में पुराने कागजात अस्त-व्यस्त पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा कागजातों को व्यवस्थित रखने एवं जिन अभिलेखों की आवश्यकता नही है



अथवा निष्प्रयोज्य है उन्हें डिसपोज करने हेतु निर्देशित किया। डेड स्टॉक रजिस्टर निरीक्षण के दौरान विगत दो वर्षों से स्टाक का सत्यापन न किये जाने पर नराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी द्वारा सत्यापन कराने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा उपस्थित कार्यालय स्टाफ को निर्देशित किया गया कि वे समय से आफिस आयें और जनता की जो भी समस्याएं आती है उनका त्वरित व गुणवत्ता पूर्ण निस्तारण करें। साथ ही साथ शिकायतों का भी स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण करना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी द्वारा पशु अस्पताल मेंहदावल का स्थलीय निरीक्षण किया गया। वर्तमान में पशु चिकित्सालय मेंहदावल पुराने भवन में संचालित है। नया भवन निमार्णाधीन है। जिलाधिकारी द्वारा निमार्णाधीन पशु चिकित्सालय भवन में प्रयोग किये जा रहे ईट की गुणवत्ता खराब पाये जाने पर कमेटी बना कर गुणवत्ता की जांच कराते हुए एक सप्ताह में जांच आख्या उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान पशु उपचार से सम्बंधित दवाई नही पायी गयी। बताया गया कि चिकित्सालय पर एक ही फार्मासिस्ट कार्यरत है जिनके पास अन्य जगहों का भी चार्ज है, आलमारी की चाबी उन्ही के पास है जिस पर जिलाधिकारी द्वारा नराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि प्रत्यके दशा में चिकित्सालय पर पशुओं से सम्बंधित आवश्यक दवाईयों की उपलब्धता सुनिश्चित रखी जाए। चिकित्सालय में साफ-सफाई ठीक नही पाये जाने पर जिलाधिकारी द्वारा साफ-साफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित करने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जिला विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश त्रिपाठी, परियोजना निर्देशक विजयन्त सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मेंहदावल राजेश कुमार एवं अन्य विकास खण्ड/पशु चिकित्सालय के कर्मचारी आदि उपस्थित रहे।

# निरीक्षक से डीएसपी पद पर पदोन्नति पर सम्मान

## पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर दी बधाई





**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना ने निरीक्षक से डीएसपी (ऊेस्र४३८ र४स्री१ल्ल३ील्लील्ल३ ङ्का ढङ्क्र्री) पद पर पदोन्नत हुए अशोक कुमार सिंह एवं सुश्री सरोज शर्मा को स्टार लगाकर सम्मानित करते हुए हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने दोनों अधिकारियों को पदोन्नति की शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह पदोन्नति उनके परिश्रम, कर्तव्यनिष्ठा एवं अनुशासन का प्रतिफल है। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि दोनों अधिकारी अपने नवीन दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी एवं जनसेवा की भावना के साथ करते हुए जनपद में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों पर हुआ मंथन, प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**मोहसिन रहमानी**



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण अभियान के तहत मंडल का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर नगर के जैन स्थानक में आयोजित किया गया। शिविर का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय सह-संयोजक राकेश तोमर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का अंत्योदय सिद्धांत आज भी प्रासंगिक है और समाज के अंतिम व्यक्ति का उत्थान ही भाजपा का लक्ष्य है।

दूसरे सत्र में पूर्व विधायक तेजेंद्र निर्वाल ने एकात्म मानववाद को भाजपा की वैचारिक आधारशिला बताते हुए राजनीति को सेवा का माध्यम बताया। जिलाध्यक्ष रामजीलाल कश्यप ने कहा कि पंडित दीनदयाल के बताए मार्ग पर चलकर ही सशक्त भारत का निर्माण संभव है।

वहीं पूर्व जिलाध्यक्ष पवन तरार ने उनके जीवन को सादगी और कर्तव्यनिष्ठा की मिसाल बताया। अंतिम सत्र में एमएलसी चौधरी वीरेंद्र सिंह ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा और कार्यकताओं के परिश्रम से भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी है।

शिविर में संगठनात्मक व्यवस्था के तहत पदाधिकारियों व कार्यकताओं का पंजीकरण जिला प्रतिनिधि सतवीर और कार्यकर्ता राजीव कश्यप ने संभाला। कार्यक्रम की मीडिया व्यवस्था मंडल मीडिया प्रभारी विनित शर्मा ने देखी।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष डॉ. रश्मिकांत जैन, कुशांक चौहान, राजीव शर्मा, सुधा तोमर, प्रतिभा उर्फ सिमरन, सादिक, अनिल बोहरा, संजय मित्तल, डॉ. रणवीर, रवि टांक, अशोक चौहान, राजेंद्र वर्मा, कृष्णपाल गंगेरू, दीपक गुप्ता व संदीप सैनी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# मजदूरी मांगने पर ठेकेदार ने दी धमकी, मजदूर ने थाने में दी तहरीर

**मोहसिन रहमानी**



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** कस्बे के मोहल्ला मिर्दगान निवासी एक युवक ने कैराना के एक ठेकेदार पर मजदूरी का भुगतान न करने और मजदूरी के रुपए मांगने पर धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।नगर के मोहल्ला मिर्दगान निवासी एहसान ने बताया कि कैराना के एक ठेकेदार ने उससे क्षेत्र के गांव सुन्ना निवासी एक व्यक्ति के यहां पीओपी डिजाइन का काम कराया था।

आरोप है कि उसने लगातार 10 दिनों तक मेहनत कर काम पूरा किया, लेकिन काम समाप्त होने के बाद जब उसने अपनी मजदूरी मांगी तो ठेकेदार ने भुगतान करने के बजाय उसे डरा-धमकाकर मौके से भगा दिया।

पीड़ित का कहना है कि वह कई बार अपने मेहनत के रुपयों की मांग कर चुका है, लेकिन ठेकेदार हर बार टालमटोल कर रहा है और पैसे देने से इंकार कर रहा है। उसने पुलिस से अपने 10 दिन की मजदूरी दिलाने की गुहार लगाई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत, बाइक सवार गंभीर घायल



**मोहसिन रहमानी**

**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के दिल्लीझ्रसहारनपुर हाइवे पर गांव जसाला के निकट ई-रिक्शा और बाइक की आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस ने घायल को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी सुरेश किसी कार्य से बाइक पर सवार होकर शामली गया हुआ था। शाम के समय वह शामली से अपने गांव भारसी वापस लौट रहा था। जैसे ही वह दिल्लीझ्र सहारनपुर हाइवे पर गांव जसाला के पास पहुंचा, तभी सामने से आ रहे एक ई-रिक्शा से उसकी बाइक की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। ई-रिक्शा की टक्कर बाइक सवार सुरेश सड़क पर जा गिरा और गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। आसपास से गुजर रहे राहगीरों ने 108 एंबुलेंस को सूचना दी।सूचना मिलते ही 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची और घायल युवक को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में मौजूद डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार देने के बाद युवक की हालत चिंताजनक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।हादसे की सूचना मिलने पर घायल युवक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए। फिलहाल घायल युवक की हालत चिंताजनक बनी हुई है और उसका उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है।खबर लिखें जाने तक थाने पर कोई भी तहरीर नहीं दी गई थी।

# महाराज गु'राज निषाद जी की जयंती पर सम्मेलन कल सांसद पप्पू निषाद करेंगे शिरकत




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** महाराज गु'राज निषाद जी की जयंती पर सम्मेलन रविवार 5 अप्रैल को अतरवास तिलकधारी इंटर कालेज सीयर उत्तरपट्टी मेंहदावल में होगा। उक्त जानकारी वार्ड नंबर 2 जिला पंचायत सदस्य पद के भावी प्रत्याशी ओमकार यादव ने दी।

उन्होंने बताया कि सम्मेलन के मुख्य अतिथि संतकबीरनगर के सांसद लक्ष्मीकान्त उर्फ पप्पू निषाद होंगे।

# बालाजी की अखंड ज्योति का स्वागत, जयकारों से गूंजा नगर

**मोहसिन रहमानी**



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर कस्बा पूरी तरह भक्तिमय माहौल में डूबा नजर आया। मुजफ्फरनगर से प्रज्वलित होकर आई श्री बालाजी महाराज की अखंड ज्योति नगर मे पहुंचने पर श्रद्धालुओं ने जोरदार जयकारों और पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया।ज्योति यात्रा नगर की नहर पटरी पर पहुंची, वहां पर मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर अगवानी की। ढोल-नगाड़ों और जय श्री रामह्र के जयघोष के बीच श्रद्धालु मुख्य मार्गों से होते हुए अखंड ज्योति को लेकर पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचे।

मंदिर परिसर में ज्योति स्थापित होते ही पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया।हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर समिति द्वारा तीन दिवसीय धार्मिक कार्यक्रमों की रूपरेखा भी तैयार की गई है आज यानी रविवार को को मंदिर परिसर में अखंड रामायण पाठ का शुभारंभ होगा।

6 अप्रैल को प्रातः 9 बजे रामायण पाठ का विधिवत समापन और विशेष आरती आयोजित की जाएगी।7 अप्रैल को मुख्य आकर्षण के रूप में विशाल बालाजी शोभायात्रा निकाली जाएगी।ज्योति आगमन के दौरान सभासद अरुण गर्ग, नरेश सैनी, दीपक सैनी, कुशंका चौहान, सर्वेश वर्मा, संजीव माहेश्वरी, जीवन कश्यप, विनीत गुप्ता, कन्हैया सैनी, राजेंद्र वर्मा, अरविंद कौशिक, हरिचंद कश्यप, कपिल सेन, गौरव सेन, सिद्धार्थ गर्ग, गौरव जैन, बंटी, वैभव मित्तल, सौरव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# धुसुरा में लगभग आधा दर्जन घरों में बांस के सहारे बिजली आपूर्ति आये दिन फाल्ट बन रही समस्या

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** विकास खंड सेमरियावां के गांव धुसुरा में लगभग आधा दर्जन लोगों के घरों पर विद्युत पोल के अभाव में बांस के सहारे बिजली आपूर्ति किये जाने का मामला प्रकाश में आया है।जानकारी के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं। सेमरियावा ब्लाक के गांव धुसुरा में विद्युत उपकेन्द्र कुसहरा से बिजली की आपूर्ति की जाती है। महीनों बीत जाने के बाद भी एजाज अहमद, अब्दुल मोइज, सिराजुद्दीन आदि लगभग आधा दर्जन घरों में विद्युत पोल के अभाव में बांस के सहारे बिजली आपूर्ति की जा रही है जिससे आये दिन विद्युत फाल्ट की समस्या से जूझना पड़ रहा है। जो कि बिजली उपभोक्ताओ की परेशानी का कारण बना हुआ है। सरकार की बिजली उपभोक्ताओ को बेहतर विद्युत आपूर्ति की मंशा पर विभागीय जिम्मेदारों की उदासीनता और लापरवाही के कारण ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। जानकारी व मांग के बाद भी सम्बंधित जिम्मेदार अनजान बने हुए हैं।

# राज्य सूचना आयुक्त राकेश कुमार ने जन सूचना अधिकारियों के साथ बैठक कर आरटीआई नियमों पर दिया मार्गदर्शन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**संतकबीरनगर।** राज्य सूचना आयुक्त राकेश कुमार ने जनपद के जन सूचना अधिकारियों के साथ तहसील मेंहदावल में बैठक की व सूचना का अधिकार अधिनियम-2005 के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। राज्य सूचना आयुक्त ने सभी जन सूचना अधिकारियों को बताया कि आवेदक द्वारा मांगी गई सूचनाओं को 30 दिवस के भीतर अवश्य उपलब्ध कराया जाए तथा सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत लोगों को जो अधिकार दिए गए हैं उनका अनुपालन सुनिश्चित कराया जाए। आवेदक द्वारा मांगी गई सूचना प्रत्येक दशा में आवेदक को निर्धारित समय के भीतर उपलब्ध कराई जाए। राज्य सूचना आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सूचना उपलब्ध कराने के दौरान आवश्यक प्रपत्र संलग्नक के रूप में अवश्य लगाये जाय, जिसमें सूचना मांगने वाले के आशय की पुष्टि हो, आधी-अधूरी अथवा भ्रामक सूचना कदापि न उपलब्ध कराई जाए। मा0 सूचना आयुक्त ने निर्देश दिया कि प्रत्येक जनसूचना अधिकारी अपने कार्यालय में एक रजिस्टर रखें, जिसमें जनसूचना आवेदन पत्र की प्राप्ति एवं उसके निस्तारण से संबंधित विवरण क्रमवार, तिथिवार अंकित किया जाय, यदि कोई आवेदन पत्र विभाग से संबंधित नही है, तो 05 दिन के भीतर संबंधित विभाग को अन्तरित कर दिया जाए। सूचना आयुक्त ने कहा कि सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त आवेदन पत्र को मिलते ही इस पर कार्यवाही कर सूचना उपलब्ध करा दे जिससे अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने कहा कि जन सूचना अधिकारी अपने अधिकार क्षेत्र/कार्य क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाली बिन्दुओं पर ही सूचना उपलब्ध करा सकते है। प्राइवेट संस्थानों से सम्बंधित वह सूचना जहां तक लोक प्राधिकारी/जन सूचना अधिकारी की पहुॅच हो, उसकी सूचना दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि किसी भी व्यक्ति अथवा थर्ड पार्टी से सम्बंधित सूचना सम्बंधित से पूछ कर ही दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कार्यालयों में अधिकृत जन सूचना अधिकारी द्वारा ही आवेदक को सूचना उपलब्ध करायी जाए, जिसमें जन सूचना अधिकारी अपना मूल पद अवश्य दर्ज करे। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी मेंहदावल संजीव कुमार, तहसीलदार मेंहदावल अल्पिका वर्मा, उपायुक्त उद्योग राजकुमार शर्मा, सूचना अधिकारी सुरेश कुमार सरोज सहित विभिन्न विभागों के जन सूचना अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# मारपीट व जान से मारने की धमकी के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

**मोहसिन रहमानी**



**कांधला(वेलकम इंडिया)।** थाना क्षेत्र के ग्राम डुन्डूखेड़ा में गाली-गलौच, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के मामले में वांछित एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई कर जेल भेज दिया है।विगत 26 मार्च को ग्राम डुन्डूखेड़ा निवासी ओमपाल पुत्र खड़क सिंह थाने पर तहरीर देकर बताया था कि उसके दो पुत्रों के साथ खेत में कार्य कर रहे थे।

इसी दौरान गांव के ही जोशी पुत्र करेशन, कैसर पुत्र ओमकार तथा मंजीत पुत्र नेत्रपाल ने उनके साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी थी।पीड़ित की तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी थी।शनिवार को पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के आदेश पर चलाए जा रहे संदिग्ध वाहन एवं व्यक्ति चेकिंग अभियान के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी कैराना हेमंत कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मामले में वांछित आरोपी प्रशांत उर्फ जोशी पुत्र करेशन निवासी ग्राम डुन्डूखेड़ा को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने कानूनी कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है.आरोपी को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विक्रम सिंह, हेड कांस्टेबल रवि कुमार और कांस्टेबल पुष्पेंद्र कुमार शामिल रहे।

# भाकियू अराजनैतिक ने ट्रैक्टर मार्च कर जिलाधिकारी को दिया ज्ञापन

प्रिंस कुमार राणा



**बुलंदशहर(वेलकम इंडिया)।** भाकियू अराजनैतिक ने दिनांक 4 अप्रैल 2026 को ट्रैक्टर मार्च कर ज्ञापन जिलाधिकारी महोदय बुलंदशहर को ज्ञापन माननीय मुख्यमंत्री, माननीय प्रधानमंत्री महोदय के नाम दिया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष मांगेराम त्यागी रहे चौधरी कुलदीप गुड्डू जिला संरक्षक बुलंदशहर युवा जिला अध्यक्ष ठाकुर शैलेंद्र आर्य के नेतृत्व में ट्रैक्टर मार्च हुआ कार्यक्रम की व्यवस्था चौधरी धर्मवीर सिंह जिला प्रभारी रोहित चौधरी सलेमपुर ने की कार्यक्रम की अध्यक्षता मनवीर पहलवान ने की कार्यक्रम के संयोजक राधेश्याम प्रदेश उपाध्यक्ष बिल्लू चौधरी एनसीआर महासचिव , व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष युवा चौधरी इस्तकार रहे कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर नईम व प्रदीप गोड़ ने किया आज की महापंचायत में मुख्य मांग निम्नलिखित है ।

- लिंक गंगा एक्सप्रेसवे पर उतरने चढ़ने के लिए बुलंदशहर शिकारपुर मार्ग व अन्य जगहों पर रास्ता दिया जाए सर्किल रेट 20% उन गाटा संख्याओं का बढ़ाया जाए जो हाईवे में जा रही है।
- सरकारी कर्मचारियों के द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायतों से बचने के लिए ब्लॉक ऊंचा गांव के थाना नसेर्ना में ,ब्लॉक अनूपशहर के थाना अनूपशहर में गलत तरीके से किसानों पर दर्ज मुकदमे समाप्त हो भ्रष्टाचारियों को शरण दे रहे अधिकारियों के खिलाफ व दोषियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई हो।
- बिन मौसम बरसात से जो किसानों की फसल को नुकसान हुआ है उसका आकलन कराकर उचित मुआवजा किसानों को दिया जाए ।
- आवारा पशुओं को पकड़वाकर गौशाला भेजा जाए ।
- गलत रिपोर्ट प्रेषित करने वाले कर्मचारियों अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई हो ।
- किसानों के साथ हो रही चार से पांच प्रतिशत की कटौती करने वाले मिल तौल केंद्र व घटतोली करने वाले मिल तौल केंद्रों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो किसानों का बकाया भुगतान कराया जाए ।
- जनपद बुलंदशहर के किसानों को बीज खाद कृषि यंत्र उपलब्ध कराई जाएं ।
- केंद्रों पर सरकारी कर्मचारियों की मिली भगत से लाखों रूपों का गवन किया जा रहा है वह किसानों से ज्यादा अन्य लोगों के साथ साठ गांठ कर मक्का बाजरा गेहूं धान आदि खरीददारी की जा रही है जिसमें कागजात में बनाने वाले कर्मचारियों पर कार्रवाई सुनिश्चित हो ।
- राहवीर योजना का लाभ जनपद के लोगों को दिलाया जाए जिससे उचित समय पर इलाज मिलने पर दुर्घटना होने वाले व्यक्ति की जान को बचाया जा सके ।
- स्मार्ट मीटर लगाने पूर्ण प्रतिबंध हो पूर्व की भांति विद्युत मीटर लगाई जाए।
- पूरे उत्तर प्रदेश में सभी स्कूलों में एनसीईआरटी की किताब पूर्णत लागू है फीस की मनमानी पर रोक लगे ।
- जनपद बुलंदशहर व अन्य प्रदेश में हो रही गैस की कालाबाजारी बंद हो पूर्व की भांति गैस सिलेंडर दिए जाएं ।
- अग्नि वीर योजना में 80% अग्नि वीर परमानेंट हो पेंशन दी जाए तनख्वाह व अन्य भत्तों में वृद्धि की जाए ।
- झूठे मुकदमे दर्ज करने वालों के खिलाफ डीजीपी महोदय के आदेश अनुसार सख्त से सख्त कार्रवाई हो ।

इस मौके पर हजारों किसान देवता ट्रैक्टर गाड़ियां बाइक मातृशक्ति पूर्व सैनिक कई ग्राम प्रधान ,50 गांव के किसान एवम्-कर्नल जयप्रकाश सिंह , राष्ट्रीय सचिव राजा सैफी,कपीश त्यागी, अंकुर त्यागी, धीरज भाटी, रोहतास यादव, सचिन चौधरी, गुड्डू गुलावठी, सीटू लोधी, इमरान पहलवान, इरफान पहलवान, सरफराज, उमर सैफी, सावेज खान, सैजी खान, अरविंद शर्मा, अराफात नंबरदार, कपिल गुर्जर, मोनू बरौली, बिंदु जाटव, दीपक शर्मा, सुनील गढ़िया, केपी सिंह, योगी उर्फ योगेंद्र राघव,राधेश्याम प्रदेश उपाध्यक्ष ,मनोज प्रधान सलेमपुर ,जितेंद्र चाहर, सुनील चौधरी ,नरेंद्र राव, धीरज चौहान, सतेंद्र शर्मा ,राहुल चौधरी ,पवन कुमार ,नरेश कुमार ,डॉ डीके आर्य ,संजय सिंह ,पिंटू सिंह, दिनेश कुमार, मोनू, देवेंद्र सिंह, नीरज सिंह ,मोहन चौधरी, रकम सिंह ,सुमित कुमार ,हीरालाल शर्मा ,शिवम चौधरी, गजेंद्र लोधी, डाली बलरामपुर, उपेंद्र मलिक प्रधान, व बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे 20 दिन के अंदर मांग पूरी नहीं होने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन जिला कलेक्ट्रेट बुलंदशहर पर किया जाएगा जिसकी जिम्मेदारी पूर्ण रूप से जिला प्रशासन बुलंदशहर की होगी राजेश चौहान जिंदाबाद मांगेराम त्यागी जिंदाबाद हरि नाम वर्मा जिंदाबाद धर्मेंद्र मलिक जिंदाबाद चौधरी दिगंबर सिंह जिंदाबाद जय जवान जय किसान भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक जिंदाबाद।

# डीएम एवं एसएसपी द्वारा ₹सिकन्द्राबाद तहसील₹ में 'सम्पूर्ण समाधान दिवस' के अवसर पर सुनी गयी जनसमस्याएं






वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** शनिवार को जिलाधिकारी श्रुति एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा ₹सिकन्द्राबाद तहसील₹ में ₹सम्पूर्ण समाधान दिवस₹ का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा फरियादियों की समस्याओं को सुना गया एवं कुछ शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा अन्य फरियादियों की शिकायतों का समयबद्ध एवं वास्तविक त्वरित निस्तारण करने हेतु सम्बन्धित को दिये आवश्यक दिशा निर्देश। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी सिकन्द्राबाद भास्कर कुमार मिश्रा सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# गणेशोत्सव समिति के मंत्री का निष्कासन, अवैध कार्यकारिणी गठन पर विवाद



संतोष कुमार सिंह

**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** संस्था के मंत्री मुरलीधर गणेश पटवर्धन द्वारा संस्था के संविधान के विरुद्ध किए गए कार्यों के चलते साधारण सभा ने उन्हें निष्कासित करने का निर्णय लिया है। संस्था की पंच समिति द्वारा 28-03-2026 को आहूत साधारण सभा की बैठक में आनन्द मानेकर की अध्यक्षता में सर्वसम्मति से यह निर्णय पारित किया गया। इसके पश्चात 29-03-2026 को श्री पटवर्धन द्वारा अपने निवास स्थान पर पुनः एक कथित साधारण सभा की बैठक आयोजित कर स्वघोषित चुनाव कराया गया एवं नई कार्यकारिणी गठित कर ली गई। उल्लेखनीय है कि इस बैठक में संस्था के किसी भी वैध साधारण सदस्य की उपस्थिति नहीं थी। जानकारी के अनुसार पटवर्धन ने कुछ नए सदस्यों को जोड़कर कार्यकारिणी का गठन किया जबकि संस्था के संविधान के अनुसार नए सदस्य तभी मान्य होते हैं जब उन्हें कार्यकारिणी के दो सदस्यों का अनुमोदन एवं अध्यक्ष की स्वीकृति प्राप्त हो। इस प्रक्रिया का पालन न किए जाने के कारण उक्त कार्यकारिणी पूर्णतः अवैध मानी जा रही है इसके अतिरिक्त उन्होंने गणेशोत्सव से संबंधित सभी दस्तावेज अपने पास रखे हुए हैं तथा वित्तीय लेन-देन का कोई विवरण पंच समिति द्वारा मांगने पर भी प्रस्तुत नहीं किया है। पंच समिति द्वारा आयोजित बैठक एवं साधारण सभा के सभी वैध सदस्यों की सूची भी संलग्न की गई है।

# जसर में दिनदहाड़े फौजी की 10 माह की बेटी का अपहरण, क्षेत्र में सनसनी

वेलकम इंडिया संवाददाता





**जहांगीराबाद।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जसर में शनिवार को दिनदहाड़े बाइक सवार बदमाशों ने एक फौजी की 10 महीने की मासूम बच्ची का अपहरण कर लिया। अपहरणकर्ताओं ने बच्ची को चुप कराने का बहाना बनाया और मां की आंखों के सामने से उसे लेकर रफूचक्कर हो गए। इस घटना से पूरे क्षेत्र में दहशत फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, गांव जसर निवासी देवेंद्र जो भारतीय सेना में कार्यरत हैं, उनकी पत्नी वंदना अपनी 10 माह की मासूम बेटी को दवा दिलाने के लिए गांव के ही डॉ. समय सिंह के क्लीनिक पर गई थीं। क्लीनिक पर बच्ची लगातार रो रही थी। इसी दौरान वहां मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक आए।

युवकों ने हमदर्दी दिखाते हुए बच्ची को चुप कराने का बहाना बनाया और उसे गोद में ले लिया। वंदना कुछ समझ पाती, उससे पहले ही बदमाश बच्ची को लेकर बाइक से फरार हो गए। बच्ची अपहरण की वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसपी देहात डॉ. तेजवीर सिंह, सीओ विकास प्रताप और कोतवाली प्रभारी सुदेश कुमार भारी पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। फौजी की पत्नी वंदना और परिवार के अन्य सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

पुलिस प्रशासन हर संभावित एंगल से मामले की तफ्तीश कर रहा है, आसपास के रास्तों पर लगे सीसीटीवी केमरों की फुटेज खंगाली गयी। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आरोपी अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने धर दबोचा और बच्ची को सकुशल बरामद कर लिया।

आरोपियों के कबूलनामे से एक अलग ही बात सामने आई, जिसमे आरोपियों ने बताया कि वह गलतफहमी के चलते बच्ची को अपनी भतीजी समझकर अपने साथ ले गए थे। आरोपी अपने आप को डॉ समय सिंह का रिस्तेदार बता रहे थे। वहीं आरोपी, बच्ची को डॉ समय सिंह ए परिवार की बच्ची समझकर ले जाने का दावा कर रहे थे। दूसरी तरफ बच्ची की माँ ने इन सभी बातों को खारिज करते हुए आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई व न्याय की गुहार लगाई है। फिलहाल खबर लिखें जाने तक तहरीर नहीं दी गयी।

## क्या था पूरा मामला?

डॉक्टर समय सिंह के यहाँ उनकी धेवती आई हुई थी। उनके एक रिश्तेदार, राजेंद्र ने अपने नाबालिग पुत्र को धेवती को बुलाने के लिए भेजा था। क्लिनिक पर भीड़ और भ्रम के कारण किशोर वहां दवाई लेने आई महिला वंदना की बच्ची को अपनी रिश्तेदार समझकर अपने साथ ले गया। राजेंद्र को जैसे ही गलती का अहसास हुआ, उन्होंने तुरंत डॉ. समय सिंह को फोन कर स्थिति स्पष्ट की। वे तत्काल बच्ची और अपने पुत्र को लेकर गांव पहुंचे और पुलिस की मौजूदगी में बच्ची को सुरक्षित परिजनों के सुपुर्द कर दिया। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस ने किशोर को एहतियातन हिरासत में लिया है।

> 'बच्ची पूरी तरह सुरक्षित है। यह मामला आपसी गलतफहमी का प्रतीत हो रहा है। यदि पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर प्राप्त होती है, तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।'
>
> डॉ. तेजवीर सिंह, एसपी देहात

# लापता युवक का झाड़ियों में गंगा किनारे पड़ा मिला शव क्षेत्र में फैली सनसनी



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** अहार क्षेत्र में मां अवंतिका देवी गंगा घाट से आगे गंगा किनारे झाड़ियों में एक युवक का शव मिला है। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। सुबह करीब सात बजे पुलिस को सूचना मिली थी।

मृतक तेजू पुत्र हुक्म सिंह लोधी उम्र करीब 45 साल गांव हिंगवाड़ा थाना बी बी नगर का रहने वाला था। अब करीब दो साल से अपने बहनोई होशियार सिंह गांव मुबारकपुर वांगर के घर पर रह रहा था। मृतक अविवाहित था। शनिवार को सुबह खेतों पर काम करने जा रहे लोगों को जमीन पर पड़ा हुआ दिखाई दिया। उन्होंने पीआरवी को सूचना दी। पीआरवी ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर उपनिरीक्षक ब्रजेश कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। मौके पर एक सल्फास की खाली डिब्बी पड़ी हुई मिली। मौके पर लोगों की भीड़ लग गई।

पुलिस ने शिनाख्त का प्रयास किया तो पता चला कि मुबारकपुर वांगर में यह व्यक्ति अपनी बहन के यहां रहता था। पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए बुलंदशहर भेज दिया है। होशियार सिंह का मृतक मामा था और हरपाल सिंह का मृतक साला था तथा हरपाल सिंह की पत्नी मृतक तेजू की बहन थी। घर से करीब तीन चार दिन पहले से लापता था।

# भाजपा 46वें स्थापना दिवस पर 28,087 बूथों पर आयोजित करेगी विविध कार्यक्रम

संतोष कुमार सिंह



**वाराणसी(वेलकम इंडिया)।** भारतीय जनता पार्टी के 46वें स्थापना दिवस के अवसर पर छह अप्रैल को काशी क्षेत्र के सभी 28,087 बूथों पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस संबंध में भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दिलीप पटेल ने रोहनियां स्थित क्षेत्रीय कार्यालय में आयोजित प्रमुख पदाधिकारियों की बैठक में विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी और इस वर्ष पार्टी अपना 46वां स्थापना दिवस मना रही है। शीर्ष संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पांच,छह और सात अप्रैल को सभी मंडल,जिला,क्षेत्र और प्रदेश कार्यालयों को फूलों,लाइटिंग और रंगोली से आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा।

## स्थापना दिवस पर बूथ स्तर तक होंगे कार्यक्रम,कार्यकर्ता घरों पर फहराएंगे ध्वज

क्षेत्र अध्यक्ष दिलीप पटेल ने बताया कि छह अप्रैल को सभी पार्टी कार्यालयों पर भाजपा का ध्वज फहराया जाएगा तथा मिष्ठान वितरण किया जाएगा। छह और सात अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर प्राथमिक सदस्यों,सक्रिय सदस्यों और गणमान्य नागरिकों के साथ स्थापना दिवस कार्यक्रम आयोजित होंगे।

इस अवसर पर संस्थापक नेताओं डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर पार्टी की विचारधारा पर चर्चा की जाएगी उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घरों पर भी पार्टी का ध्वज फहराएंगे और ध्वज के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट करेंगे।

## सात से बारह अप्रैल तक ग्राम-बस्ती संपर्क अभियान, योजनाओं की उपलब्धियां बताएंगे कार्यकर्ता

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने बताया कि सात से बारह अप्रैल तक काशी क्षेत्र में ग्राम एवं बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक बड़ी विधानसभा में कम से कम पच्चास बड़े गांव या बस्तियों तथा छोटी विधानसभा में तीस बड़े गांव या बस्तियों का चयन किया जाएगा। इस अभियान में पार्षद से लेकर शीर्ष पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक सभी की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि इस दौरान स्वच्छता अभियान, वरिष्ठ कार्यकताओं का सम्मान, समाज के विभिन्न वर्गों के प्रबुद्धजनों से संपर्क तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी।

साथ ही विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से भी संपर्क स्थापित किया जाएगा। सभी कार्यक्रमों को सोशल मीडिया पर व्यापक रूप से साझा करने के निर्देश दिए गए हैं।

बैठक का संचालन क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया ने किया। बैठक में क्षेत्रीय महामंत्री अशोक चौरसिया,क्षेत्रीय मंत्री राजेश राजभर,क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी, अनिल श्रीवास्तव,अनिल श्रीवास्तव,सुरेन्द्र पटेल,प्रवीण सिंह गौतम,जे पी दुबे,पीयूष वर्धन सिंह,देवेंद्र मौर्या आदि पदाधिकारी मुख्य रुप से उपस्थित थे।

# सिकंदराबाद में विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने जनसुनवाई कर सुनीं समस्याएं



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मीराज सिंह ने शनिवार को अपने सिकंदराबाद स्थित कार्यालय पर जनसुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर क्षेत्रवासियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के शीघ्र एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए।

विधायक ने कहा कि जनता की सेवा ही उनका मुख्य उद्देश्य है और क्षेत्र के विकास के साथ-साथ लोगों की समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जनसमस्याओं के समाधान के लिए वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

कार्यक्रम में नागरिकों ने अपनी समस्याओं के साथ महत्वपूर्ण सुझाव भी रखे, जिन्हें विधायक ने गंभीरता से लेकर आवश्यक कार्रवाई का भरोसा दिलाया। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे।

# तहसील स्याना क्षेत्र में चल रही हरियाली पर रात के अंधेरे में आरी

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुगरासी।** स्याना तहसील क्षेत्र में इन दिनों लकडी माफिया और सरकारी तंत्र के बीच ऐसी 'जुगलबंदी' चल रही है कि देखते ही देखते आम के लहलहाते बाग साफ हो रहे हैं।। दिन ढलते ही जब दुनिया सोती है, तब माफियाओं का सिंडिकेट जागता है और चीखती हरियाली के बीच रातों-रात हरे पेड़ों का 'सफेद' धंधा बेखौफ अंदाज में किया जा रहा है। आलम यह है कि खाकी और खाऊ-कमाऊ विभाग की चुप्पी ने माफियाओं के हौसलों को सातवें आसमान पर पहुँचा दिया है।

## कुल्हाड़ी की चोट विभाग की 'नोट'!

क्षेत्र के ग्रामीणों का आरोप है कि वन विभाग के कुछ कारिंदों ने माफियाओं के साथ मिलकर 'अघोषित समझौता' कर लिया है। प्रति पेड़ के हिसाब से रेट तय हैं और इसी 'सेटिंग' के चलते सड़कों पर दौड़ते लकड़ी से लदे ट्रैक्टर-ट्रॉली किसी को नजर नहीं आते।

वन विभाग के नाकों से चंद कदमों की दूरी पर माफिया आरा चलाते हैं, लेकिन साहबों को भनक तक नहीं लगती। यह चुप्पी विभाग की कार्यप्रणाली पर गहरे सवालिया निशान खड़े कर रही है।

## किसान बेबस, माफिया 'रईस'




आम के जिन बागों को किसान औलाद की तरह पालते हैं, उन्हें माफिया चंद रुपयों के लालच और रसूख के दम पर उजाड़ रहे हैं। रात के सन्नाटे में आरा मशीनें चलती हैं और सुबह होने से पहले ही सबूत मिटा दिए जाते हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर कोई विरोध करने की हिम्मत जुटाता है, तो उसे रसूख का डर दिखाकर चुप करा दिया जाता है।

## कहाँ गए सरकार के आदेश?

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक तरफ 'पेड़ लगाओ-पेड़ बचाओ' के जरिए प्रदेश को हरा-भरा बनाने का संकल्प दोहरा रहे हैं, वहीं सियाना के ये बेखौफ 'लकड़हारे' सरकार की मंशा पर पानी फेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे।

सवाल यह है कि क्या उच्चाधिकारी इस अवैध धंधे पर लगाम लगाएंगे या हरियाली ऐसे ही माफियाओं की भेंट चढ़ती रहेगी?

साहब की 'नजर-ए-इनायत': बिना विभागीय मिलीभगत के प्रतिबंधित आम के पेड़ों का कटान नामुमकिन।

**रात का 'मिशन':** सूर्यास्त के बाद शुरू होता है खेल, सूर्योदय से पहले ठिकाने लगा दी जाती है लकड़ी।

**ठूंठ गवाह हैं:** स्याना तहसील क्षेत्र के कई इलाकों में सिर्फ कटे हुए पेड़ों के अवशेष ही प्रशासन की मुस्तैदी की पोल खोल रहे हैं।

## डीएफओ हरविंदर सिंह ने बताया कि

'मामला संज्ञान में आया है। अवैध कटान किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संबंधित क्षेत्र के रेंजर से रिपोर्ट तलब की गई है और दोषियों के साथ-साथ लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भाकियू महाशक्ति की बैठक में शिक्षा विभाग के कार्यालय घेराव करने का लिया निर्णयः ठाकुर धर्मेंद्र सिंह



वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** शनिवार को भारतीय किसान यूनियन महाशक्ति के राष्ट्रीय कार्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर धर्मेंद्र सिंह ने बुलाई आवश्यक बैठक जिसमें स्मार्ट मीटर नहीं लगवाना व ओलावृष्टि बारिश से बर्बाद हुई फसलों के मुआवजे की मांग की प्राइवेट स्कूल शिक्षा विभाग और बुक सेलरों के द्वारा साथ गांठ कर कर बच्चों के अभिभावकों को15 गुना रेट में किताब दी जा रही हैं पंचायत में निर्णय लिया गया है 1000 से अधिक किसान शिक्षा विभाग के कार्यालय का करेंगे घेराव।

# सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में नव-अभिभावक परिचय सत्र का सफल आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** सुरेविन इंटरनेशनल स्कूल में नवीन शैक्षणिक सत्र के शुभारंभ पर नवप्रवेशी विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए एक भव्य नव-अभिभावक परिचय सत्र (ओरिएंटेशन प्रोग्राम) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक कार्यप्रणाली, आधुनिक शिक्षण पद्धति, अनुशासन व्यवस्था एवं विद्यालय के विजन से अवगत कराना रहा।कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन द्वारा अभिभावकों को एकीकृत शिक्षा प्रणाली, 21वीं सदी के कौशल विकास, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, खेल गतिविधियों, हाउस कल्चर, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं व्यावसायिक शिक्षा से संबंधित विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए विद्यालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. सरिता सिंधु ने अभिभावकों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए कहा कि विद्यालय का लक्ष्य केवल शैक्षणिक उत्कृष्टता ही नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारवान, आत्मनिर्भर और भविष्य की चुनौतियों के लिए सक्षम बनाना भी है। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के समस्त शिक्षकों का परिचय कराया गया, जिससे अभिभावकों और शिक्षकों के बीच बेहतर संवाद स्थापित हो सके। साथ ही इस सत्र में स्कूल के अध्यापक-अध्यापिकाओं की उनके विषय विशेषज्ञता का भी परिचय दिया गया।इस अवसर पर डॉ. सरिता सिंधु द्वारा अपने विचार साझा करते हुए कहा गया कि विद्यालय, शिक्षक और अभिभावक के सामूहिक सहयोग से ही बच्चों का उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित किया जा सकता है। स्कूल प्रबंधक तुषार गुप्ता ने अपने संदेश के माध्यम से अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि 'विद्यालय का उद्देश्य बच्चों को केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं, बल्कि उन्हें जीवन मूल्यों, नेतृत्व क्षमता और आत्मविश्वास से परिपूर्ण बनाना है। अभिभावकों का सहयोग विद्यार्थियों की सफलता में सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।डॉ. शिखा दरबारी ने अपने विचार साझा करते हुए कहा कि 'हर बच्चे में विशेष प्रतिभा होती है। विद्यालय और अभिभावकों के संयुक्त प्रयास से उस प्रतिभा को सही दिशा देकर बच्चों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार किया जा सकता है। शिक्षा के साथ भावनात्मक और नैतिक विकास भी उतना ही आवश्यक है। अभिभावकों ने विद्यालय की इस पहल की सराहना करते हुए इसे बच्चों के भविष्य निर्माण की दिशा में एक सराहनीय कदम बताया। कार्यक्रम का समापन सकारात्मक संवाद, विश्वास और विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के संकल्प के साथ हुआ।

# समाधान दिवस पर आई 153 शिकायतों में से सिर्फ चार शिकायतों का निस्तारण

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार ने जन शिकायतों को सुना। इस दौरान 153 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से मौके पर चार शिकायतों का निस्तारण किया गया। समाधान दिवस में अनुपस्थित सम्बंधित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी शिकायतों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए उनका त्वरित कार्यवाही करते हुए गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाएं। शिकायतों के निस्तारण के उपरान्त शिकायतकर्ता से प्रतिक्रिया लिया जाएं। उनके द्वारा दिया गया प्रतिक्रिया आपकी कार्यकुशलता व अच्छे कार्यों को दशार्ता हैं। सभी अधिकारी पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा के साथ मानवीय संवेदनाओं को ध्यान में रखते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगें। समाधान दिवस में अनुपस्थित सम्बंधित अधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी करने हेतु निर्देशित किया गया। इस दौरान एसडीएम अजीत कुमार सिंह, एसडीएम जे अनंय जैन, तहसीलदार रजत सिंह, नायब तहसीलदार मुकेश कुमार सहित अन्य विभागों के अधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित रहे। तदोपरांत जिलाधिकारी द्वारा तहसील का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने साफ–सफाई की स्थिति का जायजा लिया और परिसर को स्वच्छ व व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होने अभिलेखों की जांच करते हुए रजिस्टर रखरखाव रखने पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित किया कि सभी रजिस्टर अद्यतन व सुव्यवस्थित रहें, ताकि कार्य में पारदर्शिता बनी रहे। उन्होने आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए कहा कि जनसामान्य को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

# सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का किया आयोजन



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** नेशनल इंटीग्रेटेड मैडिकल एसोसिएशन (एन आई एम ए),मोदीनगर व यथार्थ सुपर स्पेशिलिटी हॉस्पिटल ग्रेटर नोएडा के संयुक्त तत्वावधान में एक सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें यथार्थ हास्पिटल के नयूरोलोजिसट डॉक्टर चिराग गुप्ता ने स्ट्रोक पर अपना सारगर्भित व्याख्यान दिया। तत्पश्चात हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर दीपांकर वत्स ने हृदय रोगों में आधुनिक तकनीकों के प्रयोग पर परिचर्चा की,उसके बाद प्रश्नोत्तर सैशन हुआ, जिसमें मोदीनगर के सम्मानित चिकित्सकों डॉ रमेश चंद्र भाटिया, डॉ दिनेश मलिक, डॉ सत्येन्द्र सिंह, डॉ राजेश शर्मा, डॉ के डी शर्मा, डा नरेश जोशी,डॉ मुकुल शर्मा, डॉ प्रवेश वीर सिंह, डॉ रेखा शर्मा डॉ सचिन रानी, डॉ राजेश पाराशर डॉ आशीष शर्मा ,डॉ गौरव शर्मा डॉ पवन गुप्ता आदि चिकित्सकों ने भाग लेकर कार्यक्रम को सफल बनाया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में श्री मोहित कुमार व संदीप सिंह नेगी की विशेष भूमिका रही।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीकरण हेतु विशेष अभियान का आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** तहसील मोदीनगर परिसर में शनिवार को प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के अंतर्गत पंजीकरण हेतु एक विशेष अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम भोजपुर एवं मुरादनगर विकासखंड की आशा एवं संगिनी बहनों के लिए आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया।कार्यक्रम का उद्देश्य असंगठित क्षेत्र में कार्यरत पात्र महिलाओं को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने हेतु उन्हें प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना से जोड़ना था। इस दौरान 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग की आशा एवं संगिनी बहनों का पंजीकरण उनके आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, बचत खाता पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाइल नंबर के आधार पर किया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों द्वारा योजना की विशेषताओं, पात्रता मानदंड, अंशदान प्रक्रिया एवं भविष्य में मिलने वाले पेंशन लाभ के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही यह भी बताया गया कि योजना के अंतर्गत 60 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर लाभार्थियों को 3000 की आर्थिक सहायता सुनिश्चित की जाएगी, जिससे उनके जीवन स्तर में सुधार आएगा और आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भोजपुर एवं ब्लॉक स्तर के प्रबंधन इकाई की सक्रिय सहभागिता रही। जिसमें डॉ रवि शर्मा प्रभारी चिकित्सा अधिकारी भोजपुर द्वारा आशा नोडल अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में पात्र लाभार्थियों की पहचान कर उन्हें योजना के प्रति जागरूक करें तथा अधिकाधिक पंजीकरण सुनिश्चित करें। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु सभी प्रतिभागियों को पूर्व में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए थे, जिसके क्रम में सभी आशा कार्यकताओं को समयानुसार तहसील मोदीनगर परिसर में उपस्थित होकर अपने-अपने दस्तावेजों सहित प्रतिभाग कराया गया। कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा सभी प्रतिभागियों के सहयोग की सराहना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सामूहिक प्रयास जारी रखने का आ'ान किया गया। यह अभियान पूर्णतः सफल एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुआ, जिससे बड़ी संख्या में पात्र लाभार्थियों को योजना से जोड़ा गया।

# गाजियाबाद ट्रैफिक एडवाइजरी: 05 अप्रैल को रामलीला मैदान क्षेत्र में डायवर्जन लागू, कई मार्गों पर रहेगा प्रतिबंध




कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 05 अप्रैल 2026 (रविवार) को थाना क्षेत्र कोतवाली अंतर्गत रामलीला मैदान में भगवान महर्षि कश्यप एवं महाराजा निषाद राज गुह जन्मोत्सव महाकुंभ के अवसर पर भव्य कार्यक्रम एवं प्रस्तावित जनसभा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में वीवीआईपी, गणमान्य अतिथियों एवं भारी संख्या में आमजन के सम्मिलित होने की संभावना है।

कार्यक्रम के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू, सुरक्षित एवं व्यवस्थित बनाए रखने हेतु यातायात पुलिस द्वारा विशेष डायवर्जन प्लान लागू किया जाएगा, जो प्रातः 09:00 बजे से कार्यक्रम की समाप्ति तक प्रभावी रहेगा। प्रतिबंधित मार्गों के अंतर्गत चौधरी मोड़ से घंटाघर की ओर तथा हापुड़ तिराहा से चौधरी मोड़ की ओर सभी प्रकार के भारी, मध्यम एवं हल्के व्यावसायिक वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। वैकल्पिक मार्गों के रूप में चौधरी मोड़ से आने वाले वाहन अम्बेडकर रोड होते हुए पुराना बस अड्डा और हापुड़ तिराहा के रास्ते अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

# पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पर अशोभनीय टिप्पणी को लेकर रालोद ने मुकदमा दर्ज कराया



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पर अशोभनीय टिप्पणी को लेकर राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी के आवाहन पर मोदीनगर थाने पर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकताओं ने एकत्र होकर कड़ा विरोध दर्ज कराकर मुकदमा दर्ज कराया। राष्ट्रीय लोकदल के आ'ान पर बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मोदीनगर थाने पर एकत्र हुए। रामावतार पलसानिया (निवासी ग्राम तेजपुरा, थाना वाया अमरासर, शाहपुरा, राजस्थान) द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह पर की गई अशोभनीय टिप्पणी को लेकर गहरा आक्रोश व्यक्त किया गया। नगर अध्यक्ष मनोज त्यागी द्वारा इस प्रकरण में विधिवत तहरीर दी गई। तहरीर के आधार पर मोदीनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया। पार्टी पदाधिकारियों ने आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि चौधरी चरण सिंह जी देश के किसानों के मसीहा थे, उनके सम्मान के साथ किसी भी प्रकार की अभद्रता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। राष्ट्रीय लोकदल किसानों एवं उनके नेताओं के सम्मान की रक्षा के लिए सदैव प्रतिबद्ध है। यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पार्टी व्यापक आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी,चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी, रणबीर दहिया,बिट्टू खंजरपुर,चौधरी तेजपाल सिंह,योगेंद्र पतला,देवेंद्र चौधरी पतला,अनिल त्यागी (चेयरमैन, निवाड़ी),चंद्रपाल (डायरेक्टर), अरुण दहिया, अरुण भुल्लन,विनोद गौतम, रामभरोसे लाल मौर्य,देवपाल हरित, आलोक चौधरी,जयबीर नेहरा, कृष्णपाल चैंपियन नीरज (जलालाबाद), अंकुर त्यागी,वीर सिंह (सलेमाबाद), चंद्रवीर (चुड़ियाला) ,विपिन गुलिया, योगेश फफराना सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# गैस की किल्लत एवं कालाबाजारी के खिलाफ प्रदर्शन किया



अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** मोदीनगर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर हो रही है गैस की कालाबाजारी को लेकर भारतीय किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले सैकड़ों लोग हाथों में तख्ती लेकर गैस की किल्लत एवं कालाबाजारी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तहसील पर जमकर प्रदर्शन किया। मोर्चे के अध्यक्ष डॉ बबली गुर्जर युवा अध्यक्ष सतेंद्र शर्मा व महिला अध्यक्ष नीरज प्रजापति एवं उपाध्यक्ष निर्दोष खटाना ने संयुक्त रूप से कहा कि सरकार के नुमाइंदे व अधिकारी प्रचार करते हैं कि गैस की कोई कमी नहीं है लेकिन जमीन पर हालात ये हैं कि किसी को भी गैस समय पर नहीं मिल पा रही है। और देहात की सभी गैस एजेंसियां पर सिलेंडर की ब्लैकमेलिंग। पुरजोर तरीके से जारी है क्षेत्रवासियों को शादी व 13वीं के लिए सिलेंडर 4000 में खरीदने पड़ रहे हैं उपजिलाधिकारी मोदीनगर ने ज्ञापन लेने के उपरांत उपभोक्ताओं को हेल्पलाइन नंबर उपलब्ध कराने व एजेंसियों पर खुद जाकर जांच करने का आश्वासन दिया इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ बबली गूजर, सतेंद्र शर्मा, नीरज प्रजापति, निर्दोष खटाना, राहुल जाटव जॉनी फफराना एम पी सिंह, दिनेश शर्मा बलवीर पर्सराम गुर्जर भड़ाना, मोनू गूजर बबलू प्रधान बाबा चौधरी नथु प्रधान दिनेश चौधरी जयप्रकाश शर्मा कुलदीप शर्मा आदि लोग उपस्थित रहे।

# आरकेजीआईटी में वार्षिक उत्सव 'तत्व 2026' का शानदार समापन

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** आरकेजीआईटी में वार्षिक उत्सव ₹तत्व 2026₹ का भव्य समापन 3 अप्रैल 2026 को उत्साह और उमंग के साथ हुआ। कार्यक्रम के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं के फाइनल राउंड आयोजित किए गए तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की विशेष प्रस्तुति में कल्चरल काउंसिल द्वारा स्किट और एक्सटी कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिन्हें दर्शकों ने खूब सराहा। हॉबी काउंसिल द्वारा आयोजित ग्रैफिटी प्रतियोगिता ने विद्यार्थियों की रचनात्मकता को प्रदर्शित किया और आकर्षण का केंद्र बनी।

वहीं स्पोर्ट्स काउंसिल द्वारा आयोजित खो-खो और कबड्डी प्रतियोगिताओं ने खेल भावना और उत्साह का शानदार प्रदर्शन किया। दिन भर आयोजित इन प्रतियोगिताओं में विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान पूरे परिसर में उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। दो दिवसीय भव्य कार्यक्रम को संस्थान की 'स्टूडेंट्स एक्टिविटी काउंसिल' के बैनर तले आयोजित किया गया।

संस्थान के वाइस चेयरमैन अक्षत गोयल ने बाहर से आए हुए सभी गेस्ट, प्रेस- मीडिया से आए हुए पत्रकारों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने स्टूडेंट्स एक्टिविटी काउंसिल के अध्यक्ष आलोक त्यागी व उनकी टीम के सदस्यों को कार्यक्रम के सफलता पूर्वक आयोजन पर बधाई दी। कॉलेज के एडवाइजर प्रो. लक्ष्मण प्रसाद, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. डी. के. चौहान, डायरेक्टर डॉ बी सी शर्मा व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर एच जी गर्ग ने सभी प्रतियोगी छात्र छात्राओं को सम्मानित किया। समापन कार्यक्रम में फामेर्सी, बीबीए बीसीए कॉलेज के प्रिंसिपल, सभी डीन, समस्त विभागों के अध्यक्ष, फैकल्टी व स्टाफ उपस्थित रहे। शाम को आयोजित बहुप्रतीक्षित सेलेब्रिटी ईवनिंग ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया, जिसमें प्रसिद्ध गायिका सुनंदा शर्मा ने अपनी शानदार प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनके लोकप्रिय गीतों पर विद्यार्थियों ने जमकर उत्साह दिखाया और कार्यक्रम का आनंद लिया।

# दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक मार्गदर्शन कार्यक्रम का भव्य आयोजन

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** नए शैक्षिक सत्र के शुभारंभ के अवसर पर दयावती मोदी पब्लिक स्कूल में अभिभावक-शिक्षक मार्गदर्शन (ओरिएंटेशन) कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को विद्यालय की शैक्षिक व्यवस्था, नियमों और गतिविधियों से अवगत कराना रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत छात्रों द्वारा शिव स्तुति एवं सरस्वती वंदना से की गई। इसके पश्चात जूनियर विंग इंचार्ज ने अभिभावकों को विद्यालय के नियमों, शिक्षा प्रणाली, शिक्षकों की भूमिका और विद्यार्थियों को दी जाने वाली विभिन्न सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय का मुख्य फोकस गतिविधि आधारित शिक्षा, सतत मूल्यांकन और बच्चों में सामाजिक जागरूकता व निर्णय क्षमता विकसित करने पर है।

इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया, जिससे वातावरण उत्साहपूर्ण बना रहा। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित श्रीमती मोनिका कपूर (पूर्व जॉइंट डायरेक्टर, सीबीएसई) व किंडरविले स्कूल की संस्थापक एवं चेयरपर्सन ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि आज के दौर में बच्चों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उन्हें मानसिक रूप से सशक्त और रचनात्मक बनाना जरूरी है। उन्होंने अभिभावकों को बच्चों के साथ गुणवत्तापूर्ण समय बिताने और उनकी क्षमताओं के अनुरूप आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल के प्रधानाचार्य बी.के. राणा ने विद्यार्थियों को अनुशासन और समय पालन का महत्व बताते हुए अभिभावकों से अपील की कि वे बच्चों की तुलना दूसरों से न करें, क्योंकि प्रत्येक बच्चे की सीखने की क्षमता अलग होती है। उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालना उनके मानसिक विकास के लिए हानिकारक हो सकता है।

इस अवसर पर स्कूल की उपप्रधानाचार्या डॉ. गुरमीत गुप्ता, जूनियर विंग इंचार्ज डॉ. रश्मि तिवारी सहित सभी शिक्षक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कीर्ति गुप्ता मैम द्वारा किया गया। अभिभावकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए उपयोगी बताया।

# एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू न होने के मुद्दे को लेकर प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

अनिल वशिष्ठ




**मोदीनगर(वेलकम इंडिया)।** निजी स्कूलों में बढ़ती मनमानी फीस और एनसीईआरटी पाठ्यक्रम लागू न होने के मुद्दे को लेकर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने तहसील दिवस के अवसर पर प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील शर्मा शहर अध्यक्ष बृजेश सेन के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ता तहसील मुख्यालय पहुंचे और प्रदर्शन कर ज्ञापन सोंपा। ज्ञापन में क्षेत्र के अभिभावकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। ज्ञापन के अनुसार, क्षेत्र के सीबीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त कई स्कूलों में नर्सरी से कक्षा 12 तक एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को अनिवार्य रूप से लागू नहीं किया जा रहा है, जिससे अभिभावकों को महंगी निजी किताबें खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इसके अलावा स्कूलों द्वारा अत्यधिक फीस वसूली भी अभिभावकों के लिए आर्थिक बोझ बन रही है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में पूर्व में 7 मार्च 2026 और 23 मार्च 2026 को भी तहसील दिवस के दौरान ज्ञापन दिया गया था, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। इससे अभिभावकों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। ज्ञापन में प्रशासन से मांग की गई है कि सभी मान्यता प्राप्त स्कूलों में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम को सख्ती से लागू कराया जाए तथा महंगी किताबों की जबरन बिक्री पर रोक लगाई जाए। साथ ही स्कूलों की फीस संरचना की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए।

# स्कूल चलो अभियान का भव्य शुभारंभ, बच्चों को किया जागरूक





**अरुण मिश्रा**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कंपोजिट विद्यालय, शिवपुर, वाराणसी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर कमलों द्वारा 'स्कूल चलो अभियान 2026' का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण परिषदीय विद्यालयों में उत्साहपूर्वक देखा गया।

इसी क्रम में जनपद स्तरीय कार्यक्रम राजकीय कन्या इंटर कॉलेज, विजय नगर में आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि विधायक श्री संजीव शर्मा जी एवं मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल जी ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की छात्राओं द्वारा प्रस्तुत आकर्षक गणेश वंदना से हुई, जिसने उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया।

मुख्य विकास अधिकारी श्री अभिनव गोपाल ने अपने स्वागत संबोधन में प्रदेश सरकार द्वारा शिक्षा क्षेत्र में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए शिक्षकों से अधिकाधिक नामांकन सुनिश्चित करने का आ'ान किया। उन्होंने कहा कि स्मार्ट क्लास, निपुणशाला, चिंपल एप एवं चैट बॉक्स जैसे आधुनिक संसाधनों के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता को नई ऊंचाइयों तक ले जाया जा सकता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शैक्षिक गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कार्यक्रम के दौरान लोनी ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय खोड़ा के बच्चों ने 'स्कूल चलो अभियान' गीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथि विधायक श्री संजीव शर्मा जी ने अपने संबोधन में शिक्षा को विकास का मूल आधार बताते हुए कहा कि प्रत्येक बच्चे को शिक्षा का अधिकार सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को निशुल्क पाठ्य पुस्तकें, यूनिफॉर्म, जूते-मोजे, बैग एवं मिड-डे मील जैसी सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

इस अवसर पर विधायक श्री संजीव शर्मा जी ने कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों को पाठ्य पुस्तकों के सेट वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में 'स्कूल चलो अभियान' के स्लोगन के साथ एक विशाल जागरूकता रैली निकाली गई, जिसे विधायक एवं मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कार्यक्रम का समापन जिला विद्यालय निरीक्षक श्री धर्मेंद्र शर्मा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। इस अवसर पर प्राचार्य श्रीमती विभा चौहान, खंड शिक्षा अधिकारी डॉ. अभिषेक यादव, वित्त एवं लेखाधिकारी विकास बघेल, जिला समन्वयक डॉ. राकेश, अनुभव गुप्ता, तनुजा शर्मा, नीरज खटाना, नीतू, योगेंद्र, अनिल कुमार, राजपाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन एसआरजी पूनम शर्मा द्वारा किया गया।

# अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने जनसुनवाई में सुनी फरियादियों की समस्याएं, त्वरित निस्तारण के दिए निर्देश



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** पुलिस मुख्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (मुख्यालय एवं अपराध) श्री केशव कुमार चौधरी ने शिकायत लेकर पहुंचे लोगों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को मामलों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में विभिन्न क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें मुख्य रूप से भूमि विवाद, पारिवारिक मामले एवं अन्य आपराधिक शिकायतें शामिल रहीं। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त ने प्रत्येक शिकायत को ध्यानपूर्वक सुनते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया।

उन्होंने स्पष्ट किया कि जनता की शिकायतों का शीघ्र एवं निष्पक्ष समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि किसी भी शिकायत को लंबित न रखा जाए और निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। इस पहल से फरियादियों में संतोष दिखाई दिया और उन्होंने पुलिस प्रशासन की इस सक्रिय कार्यशैली की सराहना की।

# डीपीएसजी में स्कूल समय बढ़ाने पर हंगामा, अभिभावकों का प्रदर्शन




**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**गाजियाबाद।** मेरठ रोड स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल गाजियाबाद (डीपीएसजी) में स्कूल समय बिना अभिभावकों की सहमति के लगभग दो घंटे बढ़ाए जाने के विरोध में शनिवार को अभिभावकों ने जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में अभिभावक स्कूल पहुंचे, जिनमें मातृ शक्ति की विशेष भागीदारी रही। अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने बिना किसी पूर्व सूचना या सहमति के यह निर्णय लागू कर दिया, जिससे बच्चों और परिवारों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। जब अभिभावक प्रधानाचार्य से बातचीत करने पहुंचे तो स्कूल का गेट नहीं खोला गया, जिससे आक्रोश बढ़ गया और अभिभावकों ने गेट के बाहर ही प्रदर्शन शुरू कर दिया।

इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष सीमा त्यागी और उपाध्यक्ष विनय कक्कड़ ने कहा कि यह फैसला पारदर्शिता के सिद्धांतों के खिलाफ है। उनका कहना है कि यह केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) के दिशा-निदेशों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की भावना के भी विपरीत है, जिसमें बच्चों के समग्र विकास और मानसिक दबाव कम करने पर जोर दिया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए इंडियन पेरेंट्स एसोसिएशन ने जिलाधिकारी की अनुपस्थिति में अपर जिलाधिकारी प्रशासन ज्योति मौर्य को ज्ञापन सौंपा। साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखकर तत्काल हस्तक्षेप की मांग की गई है। मुख्यमंत्री को भी ट्वीट के माध्यम से अवगत कराया गया है। अभिभावकों की प्रमुख मांग है कि बढ़ाया गया स्कूल समय तुरंत वापस लिया जाए, स्कूल प्रबंधन अभिभावकों से संवाद स्थापित करे और भविष्य में ऐसे निर्णय अभिभावकों की सहमति से ही लिए जाएं। दोपहर लगभग तीन बजे तक मामले का समाधान नहीं निकल सका था। इस दौरान जिला विद्यालय निरीक्षक भी स्कूल पहुंचे। स्कूल प्रबंधन ने निर्णय पर विचार के लिए तीन दिन का समय मांगा, जबकि अभिभावकों ने बढ़ाए गए समय को तत्काल प्रभाव से वापस लेने की मांग दोहराई।

# लॉटरी सिस्टम से निष्पक्ष आवंटन, नन्दग्राम योजना से क्षेत्रीय विकास को नई दिशा

**कपिल चौहान**




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** ग्राम नूरनगर स्थित नन्दग्राम आवासीय योजना के अंतर्गत विकसित भूखण्डों के आवंटन एवं आय का विस्तृत विवरण जारी किया गया है। इस योजना के तहत खसरा संख्या 96 एवं 97 में कुल 77 भूखण्ड विकसित किए गए हैं, जिनका कुल क्षेत्रफल 7520.85 वर्ग मीटर है।

प्राधिकरण द्वारा निर्धारित 79,000 प्रति वर्ग मीटर की दर से इन भूखण्डों से 59,41,47,150 की आय अनुमानित की गई है। इसके अतिरिक्त 10 प्रतिशत लीज किराया के रूप में 5,94,14,715 तथा 2 प्रतिशत फ्री-होल्ड शुल्क के रूप में 1,18,82,943 की आय प्राप्त होगी। इस प्रकार योजना से कुल अनुमानित आय 66,54,44,808 आंकी गई है।

योजना के अंतर्गत सभी 77 भूखण्डों का आवंटन पूर्ण पारदर्शिता के साथ लॉटरी प्रणाली द्वारा किया गया, जिससे पात्र आवेदकों को निष्पक्ष और समान अवसर सुनिश्चित किया गया। प्राधिकरण अधिकारियों के अनुसार, यह योजना केवल राजस्व सृजन तक सीमित नहीं है, बल्कि क्षेत्र में आधुनिक आवासीय सुविधाओं के विस्तार, आधारभूत ढांचे के विकास और नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसके माध्यम से सुव्यवस्थित एवं नियोजित कॉलोनियों का निर्माण किया जा रहा है, जिससे बढ़ती जनसंख्या के दबाव को संतुलित करने में सहायता मिलेगी। परियोजना से प्राप्त राजस्व का उपयोग सड़क निर्माण, जल आपूर्ति, सीवर व्यवस्था, हरित क्षेत्र विकास सहित अन्य नागरिक सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा। प्राधिकरण ने यह भी स्पष्ट किया है कि योजना की सभी प्रक्रियाएं निर्धारित नियमों के तहत पारदर्शिता के साथ संपन्न की जा रही हैं, ताकि आमजन का विश्वास बना रहे। नन्दग्राम आवासीय योजना न केवल क्षेत्रीय विकास को गति देगी, बल्कि प्राधिकरण के राजस्व में भी महत्वपूर्ण योगदान सुनिश्चित करेगी।

## गाजियाबाद नगर निगम का बड़ा फैसला

# अब आयोजनों पर कचरा नियम सख्त, उल्लंघन पर 50,000 तक जुर्माना




**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शहर में स्वच्छता व्यवस्था को मजबूत बनाने और कचरा प्रबंधन को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गाजियाबाद नगर निगम ने सख्त नियम लागू कर दिए हैं। नए दिशा-निदेशों के तहत अब किसी भी शादी, पार्टी या बड़े आयोजन में यदि 100 से अधिक मेहमान आमंत्रित किए जाते हैं, तो आयोजक को कार्यक्रम से कम से कम 3 दिन पहले नगर निगम को सूचना देना अनिवार्य होगा।

नगर निगम द्वारा जारी निदेशों के अनुसार, आयोजन स्थल पर उत्पन्न होने वाले कचरे को चार अलग-अलग श्रेणियों—गीला कचरा, सूखा कचरा, सेनेटरी कचरा तथा खतरनाक कचरा—में पृथक करना अनिवार्य होगा। इस नियम का पालन न करने पर संबंधित आयोजकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने स्पष्ट किया है कि नियमों की अनदेखी करने पर आयोजकों पर 50,000 तक का जुमार्ना लगाया जा सकता है। इसके अलावा, बैंक्वेट हॉल, मैरिज हॉल और होटलों को भी इस व्यवस्था का सख्ती से पालन करना होगा। यदि किसी स्थल पर कचरा प्रबंधन में लापरवाही पाई जाती है, तो संबंधित प्रतिष्ठान पर भी भारी दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम अधिकारियों का कहना है कि यह कदम शहर को स्वच्छ और प्रदूषण मुक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। साथ ही, आयोजकों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से अपील की गई है कि वे नियमों का पालन करते हुए स्वच्छता अभियान में सक्रिय सहयोग दें, ताकि गाजियाबाद को एक स्वच्छ और व्यवस्थित शहर के रूप में विकसित किया जा सके।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस: 245 शिकायतें दर्ज, 15 का मौके पर निस्तारण

**कपिल चौहान**




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान हेतु शासन के निदेशानुसार माह के प्रथम व तृतीय शनिवार को आयोजित होने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस के अंतर्गत जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिलाधिकारी श्री रविन्द्र कुमार माँदड़ के निर्देशन व अध्यक्षता में अधिकारियों ने जनता की समस्याएं सुनीं और उनके शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए।

## मोदीनगर तहसील में सर्वाधिक शिकायतें

मोदीनगर तहसील में आयोजित समाधान दिवस के दौरान कुल 153 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 04 का मौके पर निस्तारण किया गया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निस्तारण के बाद शिकायतकताओं से फीडबैक लेना अनिवार्य है, जिससे कार्य की पारदर्शिता और गुणवत्ता का आकलन हो सके। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव व कार्यालय व्यवस्था का जायजा लिया और सभी रजिस्टरों को अद्यतन रखने के निर्देश दिए। लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई।

**लोनी तहसील में 52 शिकायतें:** लोनी तहसील में एडीएम (एल/ए) श्री अवनीश सिंह की अध्यक्षता में समाधान दिवस आयोजित हुआ। यहां 52 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 05 का मौके पर निस्तारण किया गया। कार्यक्रम में राजस्व, पुलिस व नगर पालिका सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**सदर तहसील में 40 शिकायतें:** सदर तहसील में एसडीएम श्री अरुण दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में 40 शिकायतें दर्ज हुईं, जिनमें से 06 का मौके पर समाधान किया गया। कुल मिलाकर जनपद की तीनों तहसीलों में कुल 245 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 15 का तत्काल निस्तारण किया गया।

**प्रशासन का फोकस स्पष्ट:** जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे पूर्ण ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय संवेदनाओं के साथ कार्य करते हुए जनसमस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित करें।

# कौशाम्बी पुलिस की बड़ी सफलता: स्नैचिंग गिरोह के 2 शातिर गिरफ्तार



**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने चेकिंग अभियान के दौरान स्नैचिंग की घटनाओं को अंजाम देने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की गई एक मोटरसाइकिल तथा स्नैचिंग के पांच मोबाइल फोन बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, क्षेत्र में लगातार बढ़ रही मोबाइल स्नैचिंग की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर दो व्यक्तियों को रोका गया, जिनकी तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों ने स्नैचिंग की कई वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की।

गिरफ्तार अभियुक्तों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है। साथ ही, पुलिस उनके आपराधिक इतिहास की भी जांच कर रही है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण हेतु लगातार अभियान जारी रहेगा और असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# हर ग्राम पंचायत में विकसित होंगे ग्राम वन, पर्यावरण सुधार पर प्रशासन का फोकस

**गाजियाबाद।** बढ़ते प्रदूषण स्तर से जूझ रहे गाजियाबाद जिले में पर्यावरण सुधार की दिशा में जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। प्रदूषण नियंत्रण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के उद्देश्य से इस वित्तीय वर्ष में जिले की प्रत्येक ग्राम पंचायत में 'ग्राम वनङ्ग विकसित करने की योजना तैयार की गई है। प्रशासन का मानना है कि बड़े स्तर पर वृक्षारोपण और हरित क्षेत्र विस्तार से वायु गुणवत्ता सुधारने में मदद मिलेगी। मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल ने बताया कि गाजियाबाद देश ही नहीं बल्कि विश्व के प्रदूषित शहरों में शामिल रहा है, ऐसे में पर्यावरण संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए जिले की सभी 142 ग्राम पंचायतों में ग्राम वन विकसित किए जाएंगे।

# हर बच्चे तक शिक्षा का संदेश: 'स्कूल चलो अभियान 2026' से गूंजा गाजियाबाद





**कपिल चौहान**

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** शिक्षा के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और प्रत्येक बच्चे को विद्यालय से जोड़ने के उद्देश्य से 'स्कूल चलो अभियान 2026' के द्वितीय चरण के अंतर्गत गाजियाबाद में एक व्यापक जन-जागरूकता रैली का सफल आयोजन किया गया। 01 जुलाई से 15 जुलाई तक संचालित इस अभियान को जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग और पुलिस प्रशासन के संयुक्त प्रयासों से प्रभावी रूप से संपन्न कराया गया।

रैली के दौरान थाना विजय नगर पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था एवं संचालन को पूरी मुस्तैदी के साथ संभाला, जिससे कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से सम्पन्न हुआ। अभियान का मुख्य लक्ष्य 3 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले बच्चों का आंगनवाड़ी/बालवाटिका में शत-प्रतिशत नामांकन, 6 वर्ष के बच्चों का कक्षा-1 में प्रवेश तथा 7 से 14 वर्ष तक के ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः विद्यालय से जोड़ना है। इसके साथ ही कक्षा-5 से 6, 8 से 9 और 10 से 11 तक विद्यार्थियों के 100 प्रतिशत ट्रांजिशन को सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया जा रहा है। विद्यालय प्रबंध समितियों द्वारा अभिभावकों के साथ बैठकें आयोजित कर शिक्षा के महत्व को समझाया जा रहा है, वहीं शिक्षकों द्वारा घर-घर सर्वे कर शिक्षा से वंचित बच्चों की पहचान की जा रही है। अभियान में बालिका शिक्षा को विशेष प्राथमिकता दी गई है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रयास तेज किए गए हैं, जबकि स्वयंसेवी संस्थाओं का सहयोग भी लिया जा रहा है। दिव्यांग एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के चिन्हीकरण और उनके समुचित नामांकन पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। झुग्गी-झोपड़ियों, ईंट-भट्टों और प्रवासी परिवारों के बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। रैली के दौरान 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत नशा मुक्ति का संदेश भी जन-जन तक पहुंचाया गया। 'पहला नशा ही जानलेवा है' जैसे नारों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया, जिससे अभियान को सामाजिक सरोकारों से भी जोड़ा गया। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. विभा चौहान के नेतृत्व में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। उनके कुशल निर्देशन और टीम वर्क से आयोजन प्रभावशाली एवं व्यवस्थित रहा।

# फ्रेंड्स क्लब का दबदबा, हर विभाग में दिखा दमदार खेल

**कपिल चौहान**




**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** क्रिकेट के मैदान पर आज एकतरफा मुकाबला देखने को मिला, जहां फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजनगर एक्सटेंशन की टीम को 63 रनों से करारी शिकस्त दी। बल्लेबाजी से लेकर गेंदबाजी तक, हर विभाग में फ्रेंड्स क्लब ने अपना दबदबा कायम रखा।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने निर्धारित 40 ओवरों में 343 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया। टीम के स्टार बल्लेबाज देव कुमार ने शानदार 108 रनों की शतकीय पारी खेलकर विपक्षी गेंदबाजों की कमर तोड़ दी। उनके अलावा शौर्य मलिक (58 रन), दिव्यांश शर्मा (39 रन) और कार्तिक शर्मा (44 रन) ने भी अहम योगदान देकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

343 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजनगर एक्सटेंशन की टीम शुरूआत से ही दबाव में नजर आई। हालांकि रक्षित शर्मा (60 रन) और गर्वित (32 रन) ने संघर्ष जरूर किया, लेकिन पूरी टीम 40 ओवरों में 8 विकेट पर 280 रन ही बना सकी और लक्ष्य से पीछे रह गई। गेंदबाजी में भी फ्रेंड्स क्लब का जलवा देखने को मिला। देव कुमार ने 2 विकेट लेकर ऑलराउंड प्रदर्शन किया, जबकि निकुंज, आदित्य, दानिश और शिवा ने 1-1 विकेट लेकर विपक्ष की उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

मैच के हीरो रहे देव कुमार, जिन्हें उनके शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं जुझारू पारी खेलने वाले रक्षित शर्मा को फाइटर ऑफ द मैच का सम्मान दिया गया। इस क्रिकेट टूनार्मेंट का इउ्द के राकेश राजन द्वारा आयोजन किया इस शानदार जीत के साथ फ्रेंड्स क्रिकेट क्लब ने न सिर्फ मैच अपने नाम किया, बल्कि अपने दमदार खेल से दर्शकों का दिल भी जीत लिया।